## खबर संक्षेप

### कार्य में लापरवाही कर आयुक्त ने किया एक कर्मचारी को निलंबित

**छिंदवाड़ा।** नगर निगम छिंदवाड़ा की दीनदयाल पार्क परिसर में स्थित पानी टंकी को भरने के उपरांत लगातार ओवरफ्लो होकर पानी के बहने की शिकायत नगर निगम आयुक्त राहुल सिंह को प्राप्त हो रही थी, जिस पर निगमायुक्त द्वारा संबंधित विनियमित कर्मचारी श्री दिलीप विश्वकर्मा को कारण बताओ नोटिस दिया गया। संबंधित कर्मचारी द्वारा कार्य के लापरवाही के संबंध में कारण बताओ नोटिस का समाधानपूर्वक उत्तर नही दिया गया जिसके फलस्वरूप निगमायुक्त द्वारा उन्हें निलंबित कर स्वास्थ्य शाखा में संलग्न किया गया।

### सुशासन दिवस पर आज दिलायी जायेगी शपथ

**छिन्दवाड़ा।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदण्डों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए उनके जन्म-दिवस 25 दिसम्बर के एक दिन पूर्व 24 दिसम्बर को सुशासन दिवस मनाया जाता है। रविवार 24 दिसम्बर को शासकीय अवकाश होने और 23 दिसम्बर को शनिवार का अवकाश होने पर 22 दिसंबर को प्रातः 11 बजे सभी शासकीय कार्यालयों में शासकीय अधिकारी/कर्मचारी अपने कार्यालयों में सुशासन दिवस की शपथ लेंगे। कलेक्टर कार्यालय के प्रांगण में 22 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को सुशासन दिवस की शपथ दिलाई जायेगी। इसके अलावा सभी विभाग प्रमुख अपने-अपने कार्यालयों में अधिकारियों और कर्मचारियों को सुशासन दिवस की शपथ दिलायेंगे।

### बेरडी निवासी नागोराव जी वाघ का निधन

**सौसर।** बेरडी निवासी वामण वाघ (ठेकेदार) इनके पिताजी नागोरावजी वाघ उम्र 95 वर्ष इनका गुरुवार को निधन हुआ है। इनका अंतिम संस्कार कार्यक्रम शुक्रवार 22 दिसंबर को सुबह 10 बजे मोक्षधाम बेरडी मे किया जाएगा. मृतक अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए है।

## छोटा महादेव में बन रही सीढ़ियों की स्वीकृति एवं एस्टीमेट पर उठे सवाल

# संरक्षित वन क्षेत्र में फाड़ी और रेत के अवैध उत्खनन में मजदूरों को बनाया जा रहा है ढाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



पर्यटन विभाग ने सभी पर्यटन स्थलों को सुंदर एवं व्यवस्थित करने का एक आदेश सभी विभागों को दिए जाने की खबरें है जिससे उपेक्षित पर्यटन क्षेत्रों की मरम्मत कर पर्यटकों के आने जाने के योग्य बनाए जा सके। बस यही एक आदेश वन विभाग तामिया के लिए भ्रष्टाचार का वरदान बन गया और आनन फानन में वन विभाग तामिया ने प्राकृतिक, दर्शनीय स्थल एवं धार्मिक स्थल छोटा महादेव में स्थित वर्षों पुरानी सीढ़ियों को प्राप्त जानकारी अनुसार मरम्मत, करने प्रस्ताव। बनाकर सीढ़ी मरम्मत के नाम पर प्राप्त जानकारी के अनुसार लाखों रुपए सीढ़ी मरम्मत एवं निर्माण के लिए स्वीकृत करवाकर वन विभाग खुद नियम विरुद्ध ठेका दिए बगैर खुद निर्माण एजेंसी बन बैठा और सीढ़ीयों का निर्माण कार्य कांक्रीट की बजाय वन भूमि में फाड़ी तुड़वाकर पुरानी सीढ़ियों को नया बनाना, शुरू कर दिया। उसमें इन्होंने वन अधिनियम का भी खुला उल्लंघन कर। संरक्षित क्षेत्र की वन भूमि में छोटा महादेव से बहने वाली नदी नाले से रेत का अवैध उत्खनन कर वन अधिनियम की अनदेखी। कर, सीढ़ी में उपयोग के लिए जंगल की भूमि में ही मजदूरों से फाड़ी तुड़वाना शुरू किया जबकि वन अधिनियम में स्पष्ट उल्लेख है कि किसी भी प्रकार का उत्खनन वन भूमि में करना मना है। लेकिन वन विभाग के आदेश निर्देश को बलाये ताक पर रखकर अपने निजी स्वार्थ के लिए वन अधिनियम का खुला उल्लंघन अधिकारी ने करना ज्यादा बेहतर समझा क्योंकि इसमें उनका सीधा-सीधा आर्थिक लाभ जो है। इसलिए उन्होंने जो एस्टीमेट सीढ़ी निर्माण या मरम्मत के लिए इनके द्वारा बनाया गया एस्टीमेट भी संदेह के घेरे में है। क्योंकि कई वर्षों पूर्व फाड़ी निर्माण के एस्टीमेट एवं उसकी उपयोगिता पर प्रतिबंध लगे होने की जानकारी तकनीकी अधिकारी बतलाते हैं। लेकिन ये उच्च अधिकारियों के कमाऊ पूत के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने उच्च अधिकारियों से तकनीकी एवं प्रशासकीय स्वीकृति लेकर निर्माण कार्य एस्टीमेट के विरुद्ध शुरू करवा दिया। इसके साथ ही इसमें, पुरानी सीढ़ियों को नई सीढ़ियां बनाने के साथ-साथ वन अधिनियम का खुला उल्लंघन किया जब यहां पर कार्यरत मजदूरों से पूछा गया तो उन्होंने बतलाया कि हमें तो निर्माण कार्य करने कहा गया है। हम वही कर रहे हैं। हम तो मजदूर ठहरे इस तरह तामिया प्रशिक्षण अवधि में तामिया अधिकारी जो यहाँ हो रहे भ्रष्टाचार से प्रभावित हुए और उन्होंने अपनी ऊंची राजनैतिक पहुंच एवं अधिकारियों के दम पर, पूर्णकालिक वन अधिकारी बैठे इनकी पदस्थापना के बाद शिकार को छोड़कर शायद ऐसा कोई वन अपराध नहीं है जो इस रेंज में ना हुआ हो जिनमें वन भूमि से रेत का अवैध उत्खनन वन भूमि की नदियों में तो जमकर हुआ। इसमें कार्यवाही भी की गई। संरक्षित वन क्षेत्र में फाड़ी रेत का उत्खनन नया वन अपराध तामियां रेंज में देखने सुनने मिल रहा है।

## आयुक्त के मार्गदर्शन में की गई कार्यवाही

# खुले में पशु मांस एवं मछलियों के विक्रय पर लगातार जारी है कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाड़ा

मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार छिंदवाड़ा कलेक्टर मनोज पुष्प के आदेश पर नगर निगम आयुक्त राहुल सिंह के मार्गदर्शन में निगम क्षेत्र में खुले में पशु मांस एवं मछली के विक्रय करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान सोमवार को कलेक्टर द्वारा गठित दल द्वारा शहर के मटन मार्केट क्षेत्र में खुले में पशु मांस एवं मछली का विक्रय करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है इसी क्रम में गुरवार को खुले में पशु मांस एवं मछली बेचने पर छः दुकानदारो पर 2000 रुपए का चालान किया गया। इसके साथ ही तीन किलो मांस को जप्त कर नष्ट किया गया। इस दौरान निगम के स्वच्छता निरीक्षक अरुण गढ़ेवाल, मंगेश राव पवार, अनिल लोड एवं निगम के अन्य कर्मचारी सहित खाद्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# घबराएं नहीं, लेकिन सतर्क रहें, सुरक्षित रहें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं म.प्र.भोपाल द्वारा प्रदेश में कोविड-19 के नए वेरिएंट जेएन.1 के परिदृश्य में रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए पूर्व की तरह सूक्ष्म कार्ययोजना का निर्माण कर त्वरित क्रियान्वयन करने के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इस संबंध में कलेक्टर श्री मनोज पुष्प ने आज अपर कलेक्टर श्री के.सी. बोपचे, एसडीएम श्री सुधीर कुमार जैन मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ.गिरीश बी.रामटेके, सीएमएचओ डॉ.जी.सी.चौरसिया, आरएमओ डॉ.संजय राय, डॉ.महीपत यादव, एमडी मेडिसिन डॉ. मनीष गठोरिया सहित जिले के चिकित्सा विशेषज्ञों की बैठक कलेक्ट्रेट के मिनी संवाद कक्ष में ली। बैठक में कोविड नियंत्रण की पूर्व कार्ययोजना एवं जिले में उपलब्ध संसाधनों की जानकारी प्राप्त कर वर्तमान परिदृश्य को दृष्टिगत रखते हुए उपलब्ध सभी संसाधनों को क्रियाशील कर पूरी तैयारी रखने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री पुष्प ने कहा कि हमें घबराने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन पूरी सावधानी रखें, सतर्क रहें और स्वयं भी सुरक्षित रहते हुए आमजन को भी सुरक्षित रहने के लिए प्रेरित करें। जिले के सभी ऑक्सीजन प्लांट का रखरखाव और आवश्यक दवाओं की स्टॉक में पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कर ली जाए। पर्याप्त ऑक्सीजन सपोर्टेड बिस्तर, आईसीयू बिस्तर, वेंटिलेटर, लॉजिस्टिक्स जैसे पीएसए ऑक्सीजन प्लांट, लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट की व्यवस्था करें।

# 11 जनपद पंचायतों के 63 सेक्टरों में 34 सेक्टर अधिकारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

कलेक्टर मनोज पुष्प द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत इस अभियान के सुव्यवस्थित व समयबध्द क्रियान्वयन के लिये छिंदवाड़ा/पांढुर्णा जिले की 11 जनपद पंचायतों में 63 सेक्टर बनाकर 34 सेक्टर अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। उन्होंने नियुक्त सेक्टर अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि उनके सेक्टर में सम्मिलित ग्रामों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में उपस्थित रहकर मॉनिटरिंग करें और प्रतिदिन प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। कलेक्टर श्री पुष्प ने बताया कि जनपद पंचायत छिंदवाड़ा के सेक्टर गुरैया के लिये जिला प्रबंधक एम.पी.वेयर हाउस श्रीमती मंजू चौरे, सेक्टर जमुनिया व उमरिया इसरा के लिये प्रबंधक दुग्ध डेयरी श्री जे.के.जोशी और सेक्टर पिण्डरईकला व उमरहर के लिये सहायक संचालक रेशम पालन श्री अशोक हेडाउ, जनपद पंचायत अमरवाड़ा के सेक्टर सोनपुर, बडेगांव व बारहहीरा के लिये सहायक प्रबंधक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना श्री आर.के.पाठक, सेक्टर तेंदनीमाल व खामी के लिये सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण श्री संगीत देशमुख और सेक्टर घोघरी व जुंगावानी के लिये पूर्व वनमंडल के एसडीओ श्री सोलंकी, जनपद पंचायत हर्रई के सेक्टर तेंदनी व बारगी के लिये सहायक नियंत्रक नापतौल विभाग श्री शैलेन्द्र सिंह, सेक्टर बटकाखापा के लिये अधीक्षण यंत्री म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी श्री खुशियाल सिंह शिववंशी और सेक्टर धनौरा व हड़ाई के लिये म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के श्री कैलाश कटारे, जनपद पंचायत परासिया के सेक्टर भाजीपानी व पगारा के लिये सहायक संचालक जनजातीय कार्य श्री रवि कनौजिया, सेक्टर शिवपुरी व कुण्डालीकला के लिये जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्री रामराव नागले, सेक्टर मोरडोंगरी खुर्द के लिये प्रबंधक पीडब्ल्यूडी सेतु संभाग नागवंशी और सेक्टर रिधौरा व उमरेठ के लिये प्रबंधक जिला सहकारी विपणन संघ श्रीमती शिखा सरयाम नियुक्त किए।

## विश्व हिन्दू परिषद प्रखंड-जुन्नारदेव का दीवार लेखन -अभियान जारी



**जुन्नारदेव।** श्री राम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अंतर्गत नगर मे पूजित अक्षत कलश शोभायात्रा के भव्य आयोजन के पश्चात विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल एवं श्रीराम संकीर्तन समिति जुन्नारदेव के संयुक्त प्रयास से प्रखंड सतसंग प्रमुख किशोर मालवीय, प्रखंड संयोजक सुरेश (भोला) सोनी के नेतृत्व मे नगर के प्रत्येक घर की दीवारों मे जय श्री राम दीवार लेखन अभियान चलाया जा रहा है, जिसमे मकान मालिक की सहमति से दीवारों पर आईल पेंट द्वारा जय श्रीराम लेखन किया जा रहा है। श्रीराम संकीर्तन के युवा डान बंदेवार, सौरभ राठौर, राधेश्याम साहू, संतोष मांडवार, दीपक टोरिया आदित्य सोनी, गौरव बंदेवार आदि सदस्य सहयोग प्रदान कर रहे है। नगर मे इस कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा की जा रही है।

## अयोध्या से आए अक्षत कलश को लेकर निकले राम भक्त



**बिछुआ।** अयोध्या में बनने वाले मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर को लेकर आम जनमानस में उत्साह के लहर दिखाई दे रही है, तो वही आगामी महीने में होने वाले राम मंदिर अयोध्या के पूजन कार्यक्रम को लेकर विकासखंड के अंचलों में जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इसी श्रृंखला में नगर परिषद बिछुआ में गुरुवार को अयोध्या से अक्षत कलश के माध्यम से राम भक्तों के द्वारा सनातन प्रेमियों को जागृत किया गया। साथ ही इस दिन को ऐतिहासिक और भव्य बनाने के लिए जन जागरण किया गया। बिछुआ नगर के राम मंदिर से राम भक्तों ने नगर में भव्य अक्षत कलश शोभायात्रा निकाली गई। अक्षत कलश यात्रा के निकलने से नगर में धर्म माहौल बना रहा और संपूर्ण नगर जय श्रीराम जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। यह शोभायात्रा राम मंदिर से प्रारंभ होकर माता मंदिर, पुराना बाजार चौक, पुराना बस स्टैंड, शिव मंदिर बड़ चौक, बस स्टैंड होते हुए पुनः राम मंदिर पहुंची जहां यात्रा का समापन किया गया। इस दौरान संपूर्ण नगर में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जय घोष गुंजमन होते रहे। रैली में बड़ी संख्या में सनातन प्रेमी मौजूद थे। शोभायात्रा का जगह-जगह सनातन प्रेमियों के द्वारा स्वागत किया गया। तो वहीं माता मां चौक के गणेश मंदिर में समिति पदाधिकारियों ने पुष्प कर अभिनंदन किया।

## हर्षोल्लास के साथ मनाई गई संत गाडगे महाराज की पुण्यतिथि



**जुन्नारदेव।** समूचे भारत में स्वच्छता का संदेश देने वाले स्वच्छता के जनक, दूरदर्शिता योगी, समाज की बुराइयां मदपान, व्येसन आदि को समाप्त करने का वार्षिक प्रयास करने वाले एवं समाज के लिए शिक्षित बनो संगठित रहो का नारा देने वाले राष्टीय संत शिरोमणि गाडगे महाराज की 67वी पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान श्री गाडगे महाराज का पूजन अर्चन कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए इस दौरान नगर धोबी समाज के सदस्य तापी चोरासे, जीपी मोहोबिया, शशिकांत मालवीय, नानो चोरासे, किशोर मालवी, राजेंद्र कनोजिया , राजेश मालवी, सचिन मालवी, राजेंद्र रजक, गुरु मालवी, ओमप्रकाश मालवी, शिव चोरसे ,देवांश मालवी एवं सामाजिक बंधु द्वारा संत शिरोमणि गाडगे बाबा पुण्यतिथि मनाई गई।

## ज्योति बनी ज्वाला पंचायत सचिव और अन्य कर्मियों को लगाई फटकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

भाजपा नेत्री ज्योति डेहरिया गुरुवार को उग्र रूप में नजर आईं। पंचायत में संकल्प यात्रा के दौरान बरती गई लापरवाही को लेकर आग बबूला होकर ज्वाला का रूप धारण कर पंचायत कर्मियों को फटकार लगाई ।दर असल संकल्प यात्रा दौरा ग्राम पंचायतों में जारी है। जिसके तहत विभिन्न ग्राम पंचायत में शिविर लगाकर जनसाधारण की समस्याओं का निराकरण भी इस यात्रा के दौरान कराया जा रहा है। परासिया की ग्राम पंचायत मायावाड़ी में जब यात्रा के दौरान भाजपा नेत्री ज्योति डेहरिया पहुंची तो उन्हें वहां लोग नजर नहीं आए , ना ही लगाए गए शिविर में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित भरे जाने वाले फॉर्म भी नजर नहीं आए। पता करने पर जानकारी मिली , कि सचिव सरवन कनौजिया ने ऐसे किसी कार्यक्रम के होने की सूचना ग्रामीणों को नहीं दी। जनपद से योजनाओं का लाभ दिलाने संबंधी भरे जाने वाले फॉर्म तो ले गया पर शिविर में उन्होंने रखा ही नहीं , बल्कि यह कह दिया , कि फार्म खत्म हो गए हैं। यह सब सुन और देखकर भाजपा नेत्री आग बबूला हुई और वहां मौजूद पंचायत के कुछ कर्मियों पर जमकर बरसी और लापरवाही पर शिकायत करने की बात कही है।

# बीसापुरकला और लोनिया में हुआ ड्रोन का प्रदर्शन

**किसानों को दिया जा रहा ड्रोन से तरल उर्वरक एवं कीटनाशक छिड़काव का डेमो**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री मनोज पुष्प के मार्गदर्शन में जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है, जो 26 जनवरी 2024 तक जारी रहेगी। संकल्प यात्रा के दौरान रूट चार्ट के अनुसार प्रतिदिन सभी विकासखंडों के निर्धारित ग्रामों में शिविरों का आयोजन कर आमजन को लाभान्वित किया जा रहा है। संकल्प यात्रा के दौरान ग्रामीणों और कृषकों को उन्नत तकनीकीयुक्त आधुनिक कृषि यंत्र ड्रोन से परिचित कराने और उसके उपयोग के लिए प्रेरित करने हेतु जिले में दो ड्रोन भेजे गए हैं, जिनका किसानों के खेतों में प्रदर्शन भी जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कृषि विभाग एवं कृषि अभियान्त्रिकी विभाग के माध्यम से किया जा रहा है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आज विकासखंड मोहखेड़ की ग्राम पंचायत बीसापुरकला और लोनिया में जिला आपदा प्रबंधन समिति के सदस्य श्री विवेक साहू और श्री संजय पटेल की उपस्थिति में कार्यक्रम स्थलों के समीप स्थित मैदान पर आधुनिक कृषि यंत्र ड्रोन के माध्यम से तरल उर्वरक नैनो यूरिया के छिड़काव का प्रदर्शन कृषि विभाग एवं कृषि अभियान्त्रिकी विभाग के माध्यम से किया गया। इस दौरान जनपद पंचायत सदस्य श्री चैतराम पटेल, सरपंच व अन्य जनप्रतिनिधियों, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत श्री बी.सी.टिम्हरिया, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री डी.एस.घागरे, पंचायत इंस्पेक्टर श्री धुर्वे व अन्य अधिकारियों और किसानों ने उत्साहित होकर ड्रोन के प्रदर्शन को देखा। कार्यक्रम के दौरान कृषकों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड भी वितरित किये गये। कार्यक्रम में जिला आपदा प्रबंधन समिति के सदस्य श्री साहू ने किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाने और अपनी खेती में ड्रोन का उपयोग करने का आव्हान किया।

### छात्राओं को स्वेटर भी किये गये वितरित

**छिन्दवाड़ा।** संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य जबलपुर श्री जे.पी.सरवटे की अध्यक्षता में गत दिवस शासकीय कन्या शिक्षा परिसर छिंदवाड़ा में सभी छात्रावास व आश्रम अधीक्षकों की बैठक संपन्न हुई। उन्होंने बैठक में सभी अधीक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में सहायक संचालक जनजातीय कार्य छिंदवाड़ा उमेश कुमार सातनकर, प्राचार्य वसंत कुमार सनोडिया और सभी छात्रावास व आश्रम अधीक्षक उपस्थित थे। बैठक के बाद एक कार्यक्रम में छात्राओं को स्वेटर वितरित किये गये। शासकीय कन्या शिक्षा परिसर छिंदवाड़ा के प्राचार्य श्री सनोडिया ने बताया कि संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य जबलपुर श्री सरवटे, सहायक संचालक जनजातीय कार्य छिंदवाड़ा श्री सातनकर और उनके स्वयं के व्यय से शासकीय कन्या शिक्षा परिसर छिंदवाड़ा की छात्राओं को स्वेटर का वितरण किया।

## भाजपा ज़िला अध्यक्ष के नेतृत्व में हुआ विरोध प्रदर्शन

# उप राष्ट्रपति का मखौल उड़ाने वाले राहुल गांधी और कल्याण बनर्जी का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



संसद परिसर में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री से नाराज भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर कांग्रेस नेता राहुल गांधी और तृणमूल नेता कल्याण बनर्जी का पुतला फूंका। भाजपा जिला अध्यक्ष विवेक बंटी साहू के नेतृत्व में गुरुवार को भाजपा कार्यकर्ता फव्वारा चौक पर एकत्रित हुए और लोकतंत्र का मखौल उड़ाने वाले नेताओं के विरोध में प्रदर्शन किया।

विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी और टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी का पुतला भी दहन किया। बता दें कि टीएमसी सांसद कल्याण बैनर्जी ने मंगलवार को संसद के बाहर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री की थी।इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष विवेक बंटी साहू ने कहा कि टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की नकल की, उनकी इस हरकत का समर्थन करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी तालियां बजाते हुए वीडियो बनाते रहे। कांग्रेस नेताओं की इस हरकत से जनता जनार्दन में आक्रोश है। इस हरकत से भाजपा ने राहुल गांधी और कल्याण बनर्जी के पुतले जलाए हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि राहुल गांधी और कल्याण बैनर्जी ने न सिर्फ उपराष्ट्रपति का, बल्कि पूरे देश का अपमान किया है। इस कृत्य पर उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए। बंटी साहू ने कहा है की राष्ट्र हित में समर्पित नेताओं का मखौल उड़ाना राहुल गांधी और कांग्रेस की पुरानी आदत है। उनकी लोकतंत्र में आस्था नही है इसलिए वो लगातार ऐसा कृत्य करते हैं।

विरोध प्रदर्शन में नेता प्रतिपक्ष विजय पांडे, भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित पोफली, अंकुर शुक्ला, जगेन्द्र अल्डक, श्रीमती गरिमा प्रतीक दामोदर, संजय पटेल, रिजवान कुरैशी, पंकज पाटनी, दीनदयाल मोहने, दिनेश मालवी, कुंदन मिगलानी, रंगू यादव, बिट्टू मंडराह, अनुज मल्होत्रा, रवि मालवी, नवीन बारस्कर, माइकल पहाड़े, नितिन मरकाम, शिवा सरसवार, सुदीप काले, मयूर पटेल, रामेश्वर ठाकरे, अलकेश साव, अरविंद राजपूत, त्रिलोक राउत, सत्येन्द्र सेमेकर, मनीष निर्मलकर, नितिन तिवारी, राहुल रसेला, अंकित सोलंकी, बबलू पराते, परेश सिन्हा, मुक्कू लालवानी, शैलेन्द्र यादव, सक्षम अग्रवाल, बिट्टा, मंगेश कपाले, गोपाल नाथानी, यश गुप्ता, नौशाद उद्दीन, लकी पाल, विक्रम शक्रवार, कालू अर्नेजा, नरेन्द्र अग्रवाल, राजेश राउत, नितिन राउत, पप्पू ठाकुर, सत्येन्द्र सेमेकर, प्रथम सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

### ठिठुरते लोगों को रेडक्रास सोसायटी ने बाटे कंबल

**छिंदवाड़ा।** इन दिनों शाम से ही कड़ाके की ठंड हो रही है ऐसे में खुले आसमान में नीचे या अन्य ऐसे लोग जिन्हें फुटपात पर सोना पड़ता है उनकी चिंता बीते रात्रि को जिला रेडक्रास सोसायटी के प्रदेश चेयरमैन डाक्टर गगन कोहले एवम जिला सचिव डाक्टर दिलीप खरे, जिला रेडक्रास सोसायटी के कार्यकारणी मेंबर्स सजाजसेवी विनोद तिवारी,यूथ रेडक्रास सोसायटी के अंशुल शुक्ला सहित अन्य मेंबर्स ने रेलवे स्टेशन,बस स्टेशन सहित शहर के अन्य स्थलों में ठंड से परेशान लोगो को जिला रेड क्रास सोसायटी की और से कंबल बांटे।रेलवे स्टेशन सहित अन्य स्थलों में ठंड से कपकपाते लोगो को कंबल ओढया गया सभी ने दिल से दुआए दी।

**कार्यालय बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित चौरई**
**तहसील चौरई जिला छिन्दवाड़ा**
पंजीयन क्रमांक 478, दिनांक 07.01.1995
क्रमांक/ आमसभा/2023/क्यू. दिनांक- 10.12.2023
**विशेष साधारण आमसभा की सूचना**
आपको सूचित किया जाता है कि बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित चौरई की विशेष साधारण आमसभा दिनांक 30.12.2023 दिन शनिवार को समय दोपहर 2.00 बजे समिति कार्यालय भवन चौरई में आयोजित की गई है, जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।
**विषय सूची-** 1. संस्था की पंजीकृत उपविधि कंडिका (3) में संस्था के कार्यक्षेत्र के ग्रामों में संशोधन बाबद् विचार। 2. संस्था के पुनर्गठन हेतु प्रस्तावित योजना के अनुमोदन बावद् विचार।
**टीपः-** आमसभा की सूचना सभी सदस्यों को सामान्य डाक से प्रेषित की गई है।
**प्रबंधक बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित, चौरई**

70 लाख रुपए की राशि से होना है सौंदर्यीकरण, नेता प्रतिपक्ष ने किस मामले में पुनःएसडीएम को ज्ञापन सौंपकर मोक्षधामों के कायाकल्प करने मांग रखी

# साल भर से अटका परासिया के मोक्षधाम का कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



परासिया शहर में स्थित मोक्ष धर्मों के हाल बुरे नजर आने लगे । इनके कायाकल्प और सौंदर्यीकरण का कार्य 1 साल से अटका पड़ा है । शहर के मोक्षधामों के सौंदरीकरण के लिए लगभग 70 लख रुपए स्वीकृत है । कुछ मोक्षधामो में कार्य शुरू हुआ और फिर बंद हो गया ।

इस मामले को लेकर नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष वीर बहादुर ने मोक्षधामो के कायाकल्प करने के लिए मांग उठाई है और नपा प्रशासन पर उदासीनता बरतने का आरोप लगाया है । नेता प्रतिपक्ष वीर बहादुर सिंह ने आरोप लगाया कि लगभग एक वर्ष होने को आए शहर में लगभग 70 लाख की लागत से वार्ड क्रमांक 7 का स्थित मोक्षधाम के सौंदर्यीकरण का कार्य बंद है । पूर्व में इसका निर्माण शुरू करने को लेकर शिकायत की गई थी ।, लेकिन एक वर्ष होने को आ गए वह अधूरा निर्माण कार्य आज तक शुरू नहीं हो पाया । नेता प्रतिपक्ष वीर बहादुर सिंहे भाजपा की परिषद के ऊपर आरोप लगाया है कि भाजपा की परिषद को इस समस्या से कोई लेना देना नहीं है । मोक्षधाम का अधूरा निर्माण कार्य हुआ , अधूरी बाउंड्री वॉल , अधूरे कमरों के निर्माण सहित अन्य कार्य अधूरे पड़े हुए हैं । जगह-जगह मटेरियल पड़ा हुआ है । वहीं अधूरा निर्माण का मलबा भी जगह जगह पड़ा हुआ है ।वार्ड क्रमांक 7 के मोक्षधाम में शहर के अधिकांश दाह संस्कार होते हैं । दाह संस्कार करने वालों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता । उनकी परेशानी से नगर पालिका कि भाजपा परिषद को कोई लेना देना नहीं है । अधिकांश मोक्षधामो में एक दाह संस्कार का एक सेट होने के कारण लोगो को भारी परेशानी होती है । बरसात और गरमी में बाजू में दाह संस्कार किया जाता है । जिससे लोगों को भारी परेशानी होती है । नेता प्रतिपक्ष ने किस मामले में पुनःएसडीएम को ज्ञापन सौंपकर मोक्षधामों के कायाकल्प करने मांग रखी है ।

## सिरगोरी खुर्द - मायावाड़ी पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा



**परासिया:** केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार और इनका सफल क्रियान्वयन करने के लिए, विकसित भारत संकल्प यात्रा गुरुवार को ग्राम पंचायत सिरगोरी खुर्द और मायावाड़ी पहुंची। जहां विकास रथ यात्रा और अधिकारी, जनप्रतिनिधियों का स्वागत ग्राम पंचायत सिरगोरी खुर्द की सरपंच चित्रा डेहरिया और मायावाडी सरपंच रिंकू डेहरिया सहित ग्रामीणों ने किया। पहले विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत मायावाडी पहुंची जहां शिविर मे जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों की कम उपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त की। ग्राम पंचायत सिरगोरी खुर्द स्कूल प्रांगण में आयोजित शिविर में विभिन्न विभाग के अधिकारियों और कर्मचारीयों ने स्टॉल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी । केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 75 से अधिक आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। कार्यक्रम में प्रभारी अधिकारी के रूप में जिला पशु चिकित्सा अधिकारी श्री पक्षवार मुख्य रूप से मौजूद रहे। पूर्व विधायक ताराचंद बावरिया ने केंद्र सरकार की योजनाओं से ग्रामीणों को अवगत कराया । जिला पंचायत सदस्य अरुण यदुवंशी ने कहा की केंद्र सरकार की योजनाओं के माध्यम से शिविर लगाकर पात्र हितग्राहियों का चयन कर लाभान्वित किया जाना है। भाजपा नेत्री, ज्योति डेहरिया ने भी केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर ग्रामीणों को लाभान्वित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

## बहुजन नायकों के विचारधारा का करें प्रचार प्रसार: केशव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

विगत माह काजलवाणी की धम्म टेकड़ी से बुद्ध धम्म प्रचार समिति की ओर से बुद्ध धम्म संदेश रैली छत्तीसगढ़ प्रदेश के ग्रामीण भागों एवं बुध्द विहार में संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब आंबेडकर एवं तथागत भगवान बुद्ध के विचारों का प्रचार प्रसार कर रही है। गुरुवार को संत गुरु घासीदास बाबा की जयंती, संत गाडगे बाबा के परिनिर्वाण दिवस पर डॉ आम्बेडकर सामुदायिक भवन,में कार्यक्रम का आयोजन करते हुए बहुजन नायकों के विचारों से अवगत कराया। कार्यक्रम में बुद्ध धम्म प्रचार समिति प्रमुख केशव सोमकुंवर, डॉ आर के सुखदेवे,प्रज्ञा कांडे, सुनिल गणवीर, मोतिमाला कोल्हेकर आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन भारती टेम्भेकर, आभार प्रदर्शन अनिता भिमटे ने किया।आयोजन मैं धम्म प्रबोधन देते हुए केशवराव सोमकुवर ने कहा वर्तमान में सभी लोगों को संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब आंबेडकर एवं बुद्ध धम्म के प्रचार प्रसार के लिए आगे आने की आवश्यकता है।बुद्ध धम्म प्रचार समिति सौसर की ओर से इसीलिए संपूर्ण देश में संदेश रैली निकालकर बुद्ध धर्म एवं बहुजन महापुरुषों के विचारधारा का प्रचार प्रसार किया जा रहा है।कार्यक्रम रैली में दिलिप रागासे,रतन गोंडाने, सुरेन्द्र कोल्हेकर,शैलेश लोन्हारकर, रूकमणी रामटेके, रेखा गोंडाने,रवि बौद्ध, सुनिता रामटेके,दिलिप मेश्राम,डॉ कल्पना सुखदेवे, प्रमोद वासनीक,दिपक बंसोड़,वैशाली मेश्राम, सपना सोनपीपरे, राजू रामटेके,दिपक बोरकर मौजूद थे।

## 8 साल में नहीं हुई कच्चीढाना के ग्रामीणों की समस्या का समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

कच्चीढाना में व्याप्त अनीमिताओं एवं पर्यावरण को हो रहे नुकसान को लेकर ग्रामीणों के द्वारा कई बार शिकायतें करने के बावजूद भी प्रशासन के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।बीते दिनों पूर्व विधायक अजय चौरे के नेतृत्व में कच्चीढाणा कॉलोनी के ग्रामीणों ने कलेक्टर को पांढुर्ना में शिकायत दर्ज करते हुए अपनी समस्या से अवगत किया था।

बावजूद अब तक ग्रामीण एवं कच्चीढाणा कॉलोनी निवासियों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया है। खदान कंपनी प्रबंधन के द्वारा पुनर्वसनके लिए बानाई गई कच्चीढाणा कॉलोनी वासियों के साथ में एग्रीमेंट करने के बावजूद भी 8 साल का जमाना गुजर चुका है। अब तक कॉलोनी में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध की नही की गई है। जिसमें मंदिर, मस्जिद, कब्रिस्तान, मोक्ष धाम आंगनबाड़ी भवन स्कूल,पानी टंकी,ओर जिस जमीन पर ग्रामीणों के मकान बनाए गए उसका मालिकाना हक रजिस्ट्री पट्टे आज तक नहीं दिए है। अपने हक अधिकार को लेकर पूर्व में सौसर से लेकर भोपाल के जनप्रतिनिधियों तक ग्रामीणों के द्वारा शिकायत की जा चुकी है।

बावजूद इसके प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा कोई कार्यवाही नही की जा रही है। कच्चीढाणा खदान प्रबंधन के द्वारा खदान से निकलने वाले जहरीला पानी कहान नदी में छोड़ा जा रहा है। जो कि क्षेत्र के ग्रामीण एवं जानवरों के सेहत के लिए हानिकारक है।

यहां लगातार हो रही ब्लास्टिंग के कारण दमानी ग्रामीण सड़क धसती जा रही है। समस्या का समाधान नहीं होने पर ग्रामीणों के द्वारा अब समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री से मुलाकात कर समस्याओं से अवगत कराने का मन बनाया जा रहा है।

## महाविद्यालय में हुआ विकसित भारत पर सेमिनार का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

लोधीखेड़ा के महाविद्यालय में विकसित भारत पर सेमिनार का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान शासकीय महाविद्यालय लोधीखेड़ा में परिचर्चा कर विद्यार्थियों से सुझाव अभिमत लेकर ऑनलाइन सबमिट किए गए है। सेमिनार का आयोजन संस्था प्राचार्य अमोल पाटिल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।परिचर्चा पर दूसरे दिन प्रथम सत्र में डॉ पैलेंद डेहरिया ने कहा कि ग्रामीण परिवेश में नवीन तकनीक एवं नवप्रवर्तन द्वारा गाँवो को विकसित किया जा सकता है।जिसमें ग्रामीण क्षेत्र पर रहने वाले निवासियों को तकनीक प्रशिक्षण से विकास होगा।द्वितीय सत्र में लीना डेहरिया द्वारा महिला सशक्तिकरण, अच्छी शिक्षा नशा मुक्त भारत ,स्वास्थ्य स्वच्छ भारत, कौशल्य का विकास के माध्यम से हम 2047 में विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की बात कही। चौथे दिन विश्व में भारत विषय पर बोलते हुए डॉ अनूप कुमार सिंह ने कहा कि दुनिया के तमाम देशों की निगाहें आज भारत के तरफ लगी हुई है। क्योंकि भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया, भारत के युवा दोनों ही दुनिया के लिए एक मिसाल साबित हो रहे हैं।जी-20 सम्मेलन के माध्यम से दुनिया भर में भारत में अपनी शक्ति तकनीकी, और क्षमता का परिचय दिया है। समाजशास्त्र विभाग के डॉ सुखविंदर सिंह भाटिया ने कहा कि देश के अंदर सुशासन और सुरक्षा आज एक मजबूत विषय बन गया है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त छात्राओं द्वारा इन विभिन्न विषयों पर अपने सुझाव और विचार रखे गए जिसे बाद में विकसित भारत के पोर्टल पर अपलोड किया गया।

## विमल दमाहे का निधन

**वारासिवनी।** रामापायली नगर के भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता इंद्राज दमाहे की पत्नी श्रीमती विमल दमाहे का 70 वर्ष की आयु में गुरुवार की प्रातः निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार चंदन नदी के तट पर सैकड़ों अश्रुपूरित आँखों के बीच में किया गया। श्रीमती विमल दमाहे के बड़े सुपुत्र ने मुखाग्नि दी और ग्राम के ग्रामीणों ने मृत आत्मा की शांति केलिए शोक श्रद्धांजलि दी गई। श्रीमती विमल दमाहे अपने समय की प्रख्यात रंगोली कलाकार थी। जो जहां भी रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की जाती थी, वहां वह सदैव प्रथम स्थान पर रहती थी। उनके द्वारा उखेरी गई रंगोली इतनी उन्नत और समाज को संदेश देने वाली होती थी कि परिणाम देने वाले भी भौचक्के रह जाते थे और वह प्रथम पुरस्कार की सदैव भागीदार रहती थी। उनके निधन के समाचार से लोगों में शोक व्याप्त हैं।



5 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर में जिले के 3 काउंसलरों ने लिया भाग

## भारतर स्काऊट गाईड मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित किया गया था शिविर



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** राज्य सचिव भारत स्काउट गाइड मध्यप्रदेश भोपाल के वार्षिक कार्यक्रम अनुसार अनुसार राज्य स्तरीय काउंसलर योग प्रशिक्षण शिविर कालाकुंड इंदौर में आयोजित किया गया। जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी बालाघाट अश्विनी कुमार उपाध्याय के निर्देशानुसार जिला संगठन आयुक्त इनेंद्र डहरवाल के मार्गदर्शन में 16 दिसंबर 2023 से 20 दिसंबर 2023 तक आयोजित काउंसलिंग प्रशिक्षण में बालाघाट जिले से मकबूल कुरैशी किरनापुर, हरिप्रसाद देशमुख शासकीय माध्यमिक शाला लोहारा लालबर्रा व मनोहर बंसोड़ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय निक्कुम बिरसा ने भाग लिया।

इस प्रशिक्षण में मध्यप्रदेश के लगभग 40 जिलों से 100 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। शिविर में शिविर संचालक धीरज सोनी, राजेंद्र पटेल, राजेश कतरोलिया जैसे विद्वानों ने योग के गुणों को सिखाया कि हम योग को दैनिक जीवन में अपना कर कैसे स्वस्थ रह सकते हैं? काउंसलर प्रशिक्षण में जिलों व प्रदेश में स्काउटिंग गाइडिंग को कैसे बढ़ावा देता है कि हर बालक- बालिका इससे लाभान्वित हो सके।

जिले के तीनों शिक्षकों ने इंदौर के ऐतिहासिक स्थल का भ्रमण किया। जिसमें होलकर राजाओं द्वारा निर्मित राजवाड़ा, प्रसिद्ध गणेश खजराना मंदिर, इंदौर चिड़ियाघर, कला कुंड पाताल पानी, भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्मारक व सेना ट्रेनिंग केंद्र मऊ अंबेडकर नगर का भी भ्रमण किया। प्रशिक्षण से लौटकर अपने गृह जिला बालाघाट वापस आने पर सभी को श्रीमती अनीता तारन प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर, श्रीमती भुवंता डहाटे प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवरगांव वा, राजेंद्र वैध प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय निक्कुम बिरसा व विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं ने उन्हें बधाईयाँ दी हैं।

## विश्वकर्मा योजना अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन

**बालाघाट।** भारत सरकार द्वारा ग्रामीण शिल्पीयो के कल्याण के लिये प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का कियान्वयन किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत ग्रामीण शिल्पीयो का पोर्टल http:pmvishwakarma.gov.in के माध्यम से पंजीयन किया जावेगा। शिल्पीयो के पंजीयन एवं सरपंच द्वारा आनलाईन सत्यापन की प्रकिया को स्पष्ट करने के लिये सरपंच सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक को प्रशिक्षण दिया जाना है। इसके लिए जनपद पंचायत वारासिवनी से 02 प्रतिभागियो को दिनांक 22 दिसम्बर को क्षेत्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायतराज प्रशिक्षण केन्द्र, सिवनी में प्रशिक्षण सह कार्यशाला में भाग लेने के लिये नामांकित किया गया है।

## खमरिया क्षेत्र में बिजली की कटौती से ग्रामीणजन परेशान

**हरिभूमि न्यूज खमरिया।** लालबर्रा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत खमरिया सहित ग्रामीण अंचलों में शाम के बाद बिजली कटौती होने से ग्रामीणजनों को अंधेरे में रहना पड़ रहा है। साथ ही बार-बार बिजली कटौती होने से ग्रामीणजनों को खासा परेशानीयो का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणजनों ने विद्युत विभाग की बिजली कटौती की समस्या से अवगत करा चुके है परन्तु कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिससे ग्रामीणजनों में आक्रोश व्याप्त है और विद्युत विभाग से बिजली कटौती बंद करने की मांग की गई है। खमरिया क्षेत्र के जागरूक नागरिकों ने बताया कि विगत दिवस से खमरिया सहित ग्रामीण अंचलों में बिजली की कटौती की जा रही है। जिससे ग्रामीणजनों को खासा परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि बच्चों की वर्तमान में अर्द्धवार्षिक परीक्षा जारी है और फरवरी माह से वार्षिक परीक्षा शुरू होन वाली हैं, परन्तु बिजली की कटौती होने के कारण दीये के उजाले में पढ़ने मजबुर है, बच्चे साथ ही बिजली कटौती होने के कारण उनकी पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। आगे बताया कि अंधेरा रहने पर रात्रि के समय कीड़े मकोड़े के काटने का भी डर बना रहता है इसलिये विद्युत विभाग से मांग है कि अगर किसी प्रकार की विद्युत पोलों में तकनीकी खराबी है तो उसे दुरुस्त कर बिजली कटौती बंद कर 24 घंटे बिजली प्रदाय करें।



## व्यवहार न्यायालय कटंगी ने आदतन अपराधियों की जमानत की निरस्त




हरिभूमि न्यूज कटंगी।

माननीय व्यवहार न्यायालय कटंगी न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री सुधा पाण्डेय ने गुरूवार को गौवंश की तस्करी से जुड़े एक मामले में 02 आरोपियों को जमानत देने से इंकार कर दिया है. न्यायालय ने इन दोनों को आदतन अपराधी करार देते हुए जमानत निरस्त की. न्यायालय से लोक अभियोजन अधिकारी ने प्रेस नोट जारी कर जानकारी देते हुए बताया कि तिरोड़ी थाना पुलिस ने 26 अप्रैल 2023 को आरोपी राजू बाडिभस्मे और भागवत झोड़े को गौवंश की तस्करी करते हुए पकड़ा था जिनके खिलाफ पुलिस ने गौवंश प्रतिषेध अधिनियम 2004 की धारा 11 और पशु क्रुरता निवारण अधिनियम की धारा 4,6,9 की कार्रवाई की थी. पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम कोसुमाटोला की तरफ से ग्राम कोड़मी में दोनों व्यक्तियों को 06 नग बैल को कुरतापूर्वक मारते पीटते कत्लखाना महाराष्ट्र ले जाते पकड़ा था. अपराधियों ने पुलिस को बताया था कि वह मूक मवेशियों को ग्राम टेकाड़ी से रामटेक महाराष्ट्र कत्लखाने ले जा रहे है. जिसके बाद अपराधियों के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया और विवेचना की कार्यवाही पूर्ण कर प्रकरण को न्यायालय में पेश किया गया. अभियोजन द्वारा न्यायालय में यह तर्क दिया गया कि अभियुक्तगण आदतन अपराधी हैं और इनके द्वारा पूर्व में भी बेजुबान गोवंश की तस्करी की गई है।

शासकीय नवीन हाईस्कूल नेवरवाही का मामला

## पहले दे दी बच्चों को साईकिल फिर छीन ली वापस






हरिभूमि न्यूज लांजी।

सरकारी स्कूलों में पढने वाले बच्चों के लिये सरकार द्वारा सर्वशिक्षा अभियान अंतर्गत साईकिल वितरण की योजना लाई गई थी, जिसका उद्देश्य दो किमी से अधिक दूरी तय करके आ रहे बच्चों को समय पर स्कूल पहुंचाना और शासन की योजनाओ का ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को लाभ पहुंचाना था, परंतु लांजी जनपद क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम नेवरवाही के शासकीय नवीन हाईस्कूल में प्रभारी प्राचार्य सुनील कुमार कावड़े की गलती से छठी कक्षा के बच्चों को दी गई साईकिलें उन्हें देने के महज दो दिनों बाद ही वापस ले ली गई जिससे अभिभावकों और बच्चों में काफी आक्रोश है। वहीं इस संबंध में जब प्रभारी प्राचार्य सुनील कुमार कावड़े से सवाल किया गया तो वे अपनी गलती को मानवीय भूल और वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सही जानकारी उपलब्ध न कराने की बात कहते नजर आए और मीडिया के सवालों से बचते नजर आए। दूसरी ओर जिन बच्चों को साइकिल मिली थी उनसे वापस लिये जाने पर अभिभावक और बच्चों का कहना था जब वापस ही लेना था तो दिये क्यों थे। उन्होने कहा स्कूल से जो साईकिलें मिली वह भी पूरी तरह ठीक नहीं थी, साइकिल मिलने के बाद हमारे द्वारा 200 से 300 रूपये खर्च करके उसे दुरूस्त किया गया जिसका नुकसान भी हमें उठाना पड़ा। वहीं जानकारी अनुसार बीआरसी कार्यालय में सैकड़ों साइकिले कबाड़ हो रही है जिसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। परंतु शासकीय नवीन हाईस्कूल नेवरवाही में 17 बच्चों को साईकिलें देने के बावजूद उनसे वापस लेना समझ से परे है।

**इन बच्चों से ली गई सायकिल वापस:** शासकीय नवीन हाईस्कूल नेवरवाही में कक्षा छठी के जिन बच्चों को साईकिल दी गई थी उनमें ग्राम रायलीटोला की छात्रा सरस्वती पिता तिलेसिंग, कमलेश पिता मंगल सिंग, राजू पिता लक्ष्मण, ग्राम देवलगांव से पूनम पिता नरेश, ग्राम कोड़प्पा से प्रियंका पिता तेजराम, अंजनी पिता रतिराम, पूजा पिता अरूण, दामिनी पिता रविकुमार, आदित्य पिता श्रीराम, शिवा पिता नंदो, प्रदीप पिता सुखचंद, ग्राम पुजारीटोला, प्रतिमा पिता चितसिंह, पूजा पिता सावतलाल, सीता पिता रामचंद, नरेश पिता बैसाखु, रामकुमार पिता रामचंद, यशकुमार पिता टेकसिंग शामिल है जिन्हें पहले साईकिल दी गई उसके बाद वापस ले ली गई। साथ ही सायकल वापस लेने के लिये प्रभारी प्राचार्य सुनील कावड़े ने दूसरे बच्चों को सायकल लाने के लिये भेजा और अभिभावको को भी कोई सूचना नहीं दी।

**शाला परिसर में चौतरफा अव्यस्था का आलमः** शासकीय नवीन हाईस्कूल नेवरवाही में यह भी देखने आया की स्कूल में चौतरफा अव्यवस्था का आलम था जहां बच्चों के पीने के लिये जो पानी टंकी रखी गई थी उसके चारों ओर काई और गंदगी का अंबार लगा हुआ था साथ ही नल की टोटी भी कमजोर थी जिससे पानी लगातार व्यर्थ बह रहा था।

शासन ने स्कूलों में मध्यान्ह भोजन बनाने वाले स्व सहायता समूहों के लिए गैस चूल्हा सिलेंडर मुहैया कराए गए हैं। लेकिन अभी भी स्कूलों में मध्यान भोजन तैयार करने वाले किचन में मिट्टी के चूल्हे पर खाना पकाया जा रहा है। रसोईयां अभी भी लकड़ी कंडे जला रहीं हैं। जिससे धुंआ फैलने के कारण रसोईयों सहित स्कूल में पढने वाले बच्चों और स्टॉफ को परेशानी हो रही है। शासकीय नवीन हाईस्कूल नेवरवाही परिसर में किचन शेड में अभी भी मिट्टी के चूल्हे से मध्यान भोजन बनाया जा रहा हैं। मीडिया ने जब किचन का जायजा लिया तो यहां पर रसोईया मिट्टी के चूल्हे से मध्यान्ह भोजन तैयार कर रहीं थीं।

बच्चों को पौष्टिक आहार मिले इसके लिए मध्याह्न भोजन प्रारंभ किया गया, लेकिन शासकीय नवीन हाईस्कूल नेवरवाही के मध्याह्न भोजन में अब पूर्व की तरह पौष्टिकता नहीं बची है। बच्चों को अब केवल सामान्य भोजन ही परोसा जा रहा है। खीर, पूरी, सलाद, पापड़ और आचार तो बीती बात हो चुकी है। जबकि राशि पूर्व की तरह यथावत है केवल कांटामारी के चक्कर में मीनू का पालन नहीं किया जा रहा है।

**रसोईया महिलाओ ने कहा की बच्चे पुलाव खाना पसंद नहीं करते :** एक प्रचलित कहावत मेरा नाम है गिरधारी इसलिये जहां तहां हमारी उधारी की तर्ज पर शासकीय नवीन हाईस्कूल नेवरवाही में रसोईया महिलाएं हर चीज की उधारी लेकर बच्चों का पेट भर रही हैं उन्होने कहा की दो माह से मध्यान्ह भोजन के लिये राशि विभाग द्वारा उपलब्ध नहीं कराई गई जिससे हम उधार लेकर काम चला रहे है। वहीं प्राथमिक शिक्षक दिलीप भीमटे ने कहा की विभाग द्वारा राशि उपलब्ध कराना चाहिए हम अपने घर से तो स्कूल नहीं चला सकते। वरिष्ठ अधिकारी सिर्फ फोन पर अनुशासन का पाठ पढ़ा सकते है कभी जमीनी हकीकत जानने इतने दूर आकर झांककर नहीं देखने वाले।

शासकीय नवीन हाईस्कूल नेवरवाही में हैंडवाश यूनिट के चारों ओर कीचड़ और झाड़ियों का अंबार लगा हुआ है जहां हाथ धोना तो दूर पैर रखना भी किसी परीक्षा से कम नहीं है। वहीं प्रभारी प्राचार्य की अनदेखी के कारण यहां पर अव्यवस्थाएं कम होने का नाम नहीं ले रही है।

**पूर्व विधायक ने म.प्र. बाल संरक्षण आयोग को लिखा पत्र:** वहीं इस मामले को गंभीरता से लेते हुए संयुक्त क्रांति पाटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक किशोर समरीते ने म.प्र. बाल संरक्षण आयोग को पत्र लिखकर भारत सरकार के सर्व शिक्षा अभियान के तहत माध्यमिक शाला नेवरवाही, बेलगांव, देवरबेली, बेलगांव, सर्रा में 6वीं कक्षा के छात्रों को दी गई 100 साइकिलों को बच्चों द्वारा 2 दिन चलाने के बाद वापिस लेने तथा मासूम बच्चों की भावनाओं से खिलवाड़ करने की जांच करने की मांग की है। श्री समरीते ने अपने पत्र में उल्लेख किया है की मध्यप्रदेश शासन के अधिन जिला बालाघाट की तहसील लांजी शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला नेवरवाही, उच्चतर माध्यमिक शाला बेलगांव, उच्चतर माध्यमिक शाला देवरबेली में कक्षा 6वीं के छात्रों को साइकिल दी गई तथा 2 दिन के बाद स्कूल प्रबंधन द्वारा साइकिल वापिस ले ली गई।

## खबर संक्षेप

### लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण न करने पर संबंधित लिपिक एवं कार्यालय प्रमुख का रोका जायेगा वेतन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर क्षितिज सिंघल ने सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सेवानिवृत्त शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों के लंबित पेंशन प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को 25.12.2023 के पूर्व के सभी जिला पेंशन कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये है अन्यथा की स्थिति में संबंधित कार्यालय प्रमुख एवं लिपिक का दिसम्बर माह का वेतन आहरित नही किया जायेगा।

### ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग के लिए संबंधित अनुभाग के एसडीएम से लेनी होगी अनुमति

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**/ कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल द्वारा आदेश जारी कर आमजन के धार्मिक आयोजन, विवाह समारोह या अन्य प्रयोजन हेतु ध्वनि प्रदुषण नियम 2000 यथा संशोधित नियम 3(1) व 4(1) अनुसार नियमावली के शेडयूल अनुसार ध्वनि तीव्रता निर्धारित की गयी है, जिसके अनुसार विधिवत अनुमति प्रदान किये जाने के लिए संबंधित अनुभाग के अनुविभागीय दण्डधिकारी को अधिकृत किया है ।

# नए साल का जश्न खतरे में! भीड़ में तेजी से फैल सकता है नया वैरिएंट

**कोरोना ने एक बार फिर डरा दिया है। केरल में नए वैरिएंट जेएन.1 के मिलने और देशभर में कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ने के बाद हर कोई दहशत में आ गया है। इन संक्रमितों में हालांकि आधिकारिक तौर पर नए वेरिएंट की पुष्टि नहीं हुई है लेकिन ऐसी आशंका बनी हुई है।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।




सबसे बुरी बात तो यह है कि कोरोना का ताजा दौर तब आया है जब देश दुनिया में नए साल के जश्न मनाने की तैयारी चल रही है। हजारों लाखों की भीड़ में कोरोना का संक्रमण तेजी से फैलने की आशंका है जिससे नए साल का जश्न खतरे में पड़ता दिख रहा है। राज्य सरकार को भी इसका अंदेशा है। इसलिए सरकार ने सतर्कता अपनाते हुए जिला प्रशासन और स्वास्थ्य अधिकारियों को सचेत कर दिया है। प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को खासतौर पर हर हाल में भीड़ पर नियंत्रण रखने के लिए कहा गया है। प्रदेशभर के कलेक्टरों को क्रिसमस और उसके बाद नए वर्ष के जश्न में विशेष तौर पर सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं। सरकारी भवनों में प्रवेश सीमित करने की सलाह दी गई है। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव मोहम्मद सुलेमान ने इस संबंध में पत्र जारी किया है। मेडिकल कालेजों के डीन और जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को पत्र में कोरोना गाइडलाइन का हर हाल में पालन कराने के लिए कहा गया है। कलेक्टरों को भी यह पत्र भेजकर क्रिसमस और नए वर्ष को देखते हुए भीड़ नियंत्रण की विशेष सलाह दी गई है। प्रशासनिक अधिकारियों से सरकारी कार्यालयों में भी सीमित प्रवेश और पर्याप्त सावधानी बरतने की हिदायत दी गई है। अस्पतालों में बिस्तर, आइसीयू, वेंटिलेटर और आक्सीजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा जा चुका है। दवाओं का स्टाक रखने और माकड्रिल करने को भी कहा गया है। वर्तमान में मौसम भी ऐसा है जिसमें वायरस तेजी से फैल सकते हैं। ऐसे में अतिरिक्त सावधानी की जरूरत है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार इन्फ्लुएन्जा लाइक इलनेस व सेवर एक्युट रिस्पेरेटरी इन्फेक्शन के लक्षण वाले मरीजों की कोविड टेस्टिंग के संबंध में भी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। हालांकि अभी स्थिति सामान्य है और आवश्यकतानुसार कोविड टेस्ट की व्यवस्था प्रारंभ की जाएंगी।

# हिमालय होम्स में ढाई लाख की चोरी, पुलिस जुटी जांच में



**हरिभूमि न्यूज बरघाट।** बरघाट के डीपीएस स्कूल के सामने हिमालय होम्स में विगत रात्रि चोर ने हाथ साफ कर दिया। चोर में लगभग ढाई लाख रुपये नगदी के साथ एक कटर मशीन भी साथ में ले गया। हर दिन की तरह मंगलवार रात में लगभग आठ नौ बजे दुकान के मालिक सनी चैतगुरु अपनी दुकान बंद कर घर चले गए, बुधवार की सुबह जब अपनी दुकान खोलने आए तो उन्होंने देखा की सामने और बाजू वाली शटर के ताले टूटे हैं, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को चोरी की जानकारी दी, इसके बाद घटनास्थल पर एसडीओपी ललित गठरे, थाना प्रभारी कृपाल शाह टेकाम ने पहुंचकर चोरी की घटना की जानकारी लेकर सीसीटीवी फुटेज खगाले, जिसमें चोर चोरी करते साफ नजर आ रहा है, मामले की थाने में एफआईआर दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

### इनका कहना

हमारे द्वारा घटना स्थल से सीसीटीवी फुटेज ले लिए गए हैं, आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल जा रहे हैं, फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट में फिंगर भी ले लिए हैं।

**कृपाल शाह टेकाम, थाना प्रभारी बरघाट**

# नगर में फिल्म की चल रही है शूटिंग, मीडिया से बना रखे हैं दूरी

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

बॉलीवुड के विवादास्पद चर्चित निर्देशक सचिन्द्र शर्मा के निर्देशन में बन रही फिल्म की शूटिंग नगर में चल रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फिल्म की शूटिंग जिले में लगभग 10 दिनों तक चलेगी जहां पर नगर के विभिन्न ऐतिहासिक स्थानों पर इसकी शूटिंग रखी जा रही है। बीते दिनों सिवनी नगर के प्रसिद्ध मठ मंदिर प्रांगढ में, लखनवाड़ा स्थित पतित पावनी मां बैनगंगा के पावन तट पर तथा फिल्म के कुछ महत्वपूर्ण हिस्सों की शूटिंग बुधवारी स्थित मछली,मटन मार्केट,भार्गव भवन में की गई है। इस फिल्म के जो निर्देशक सचिन्द्र शर्मा है वे बॉलीवुड के विवादास्पद चर्चित निर्देशक हैं। इनका एक वीडियो यू ट्यूब में वायरल है जिसमें एक कार्यक्रम के दौरान भरे मंच में एक महिला आकर इन्हें थप्पड़ जड़ रही है। मनीषा नाम की महिला उस कार्यक्रम में मंच में चढ़कर सचिन्द्र शर्मा को प्रसिद्ध अभिनेत्री राखी सावंत के सामने कुछ बोलते हुए सचिन्द्र शर्मा को थप्पड़ जड़ती है जिससे सचिंद्र शर्मा भी उस महिला को धकेलते हुए उससे हाथापाई करते दिखाई दे रहें हैं। बाद में राखी सावंत द्वारा समझाइस पर महिला बड़बढ़ाते हुए मंच से नीचे उतर जाती है। कारण तो मनीषा और सचिंद्र शर्मा ही जानें कि उन्हें थप्पड़ क्यों पड़ा। हम इस वीडियो की पुष्टि नहीं करते हैं। वही जब इस मामले में बॉलीवुड केविवादास्पद चर्चित निर्देशक सचिन्द्र शर्मा से इस बात की जानकारी चाही गई तो उन्होंने कहा गड़े मुर्दे क्यों उखाड़ रहे हो।

# अक्षत कलशों की भव्य शोभा यात्रा बरघाट में निकाली





**बरघाट।** महाकौशल प्रांत जिला सिवनी के प्रखण्ड बरघाट में कल श्रीराम मंदिर के सामने नगर पालिका प्रांगड़ में श्रीरामजन्मभूमी अयोध्या धाम से पधारे पूजित अक्षत कलशों का वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ राकेश मालवीय मीडिया प्रभारी विश्व हिंदू परिषद ने जानकारी देते हुए बताया कि सर्व प्रथम भगवान गणेश जी का पूजन-अर्चन कर श्री रामजन्मभूमी अयोध्या धाम से पधारे पूजित अक्षत कलशों का पूजन-अर्चन किया गया। जिसके पश्चात श्रीरामजन्मभूमी मुक्ति आंदोलन में सहभागी कारसेवकों की आरती उतारकर उनका तिलक वंदन कर उन्हें श्रीराम दुपट्टा पहनाकर उनका सम्मान किया गया। जिसके पश्चात सकल हिन्दू समाज की ४१ जाती बिरादरी के प्रतिनिधियों एंव परम पूज्य संत श्री बालयोगी ब्रह्मचारी मोहनदास जी महाराज को मंच पर अतिथि स्वरूप बिठाकर उनका तिलक वंदन कर उन्हें श्रीराम दुपट्टा पहनाकर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन दिग्विजय सिंह राजपूत विभाग सह मंत्री विश्व हिंदू परिषद सिवनी बालाघाट के अथक प्रयास एवं सर्व सनातन धर्म के जन सहयोग से आयोजित किया गया सकल हिन्दू समाज की ४१ जाती बिरादरी के प्रतिनिधियों एवं परम पूज्य संत श्री बालयोगी ब्रह्मचारी मोहनदास जी महाराज के कर कमलों से जिला सिवनी प्रखण्ड बरघाट के ४५ उपखण्ड एवं बरघाट नगर के १५ वार्डो के रामभक्तो की टोली को श्रीरामजन्मभूमी अयोध्या धाम से पधारे पूजित अक्षत कलश दिये गये। कुल ६० पूजित अक्षत कलशों का वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसके पश्चात श्रीरामजन्मभूमी अयोध्या धाम से पधारे पूजित अक्षत कलशों के साथ भव्य शोभायात्रा बरघाट नगर में निकाली गई! बरघाट नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई सकल हिंदू समाज के कार्यकर्ता हजारों की संख्या में उपस्थित रहे।

# फोटो निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

भारत निर्वाचन आयोग के पत्र कमांक 23/2023-ERS (VOLII) दिनांक 05 दिसम्बर 2023 एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र. भोपाल के पत्र क. 15971 भोपाल दिनांक 06.12.2023 के अनुसार 01.01.2024 की अर्हता तिथि के आधार पर फोटो निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम निम्नानुसार जारी किया गया है:-

जारी कार्यक्रमानुसार 20 दिसम्बर से 05 जनवरी 2024 तक पुनरीक्षण पूर्व गतिविधियां कार्यवाहियां मतदान केन्द्रों की पुर्नव्यवस्था एवं गठन, मतदाता सूची/ईपिक में विसंगतियों को दूर करना, धुंधली खराब फोटो के स्थान पर अच्छी गुणवक्ता वाली फोटो ग्राफ्स को प्रतिस्थापित करना, अनुभाग / भागो का पुनर्निर्माण और मतदान के अनुभाग / सीमा स्थान के प्रस्तावित पुनर्गठन को अन्तिम रूप देना मतदान केन्द्रों की सूची का अनुमोदन प्राप्त करना। मतदाता सूची में कमियों की पहचान करना एवं कमियों को दूर करने की कार्यवाही समय-सीमा में कर अंतिम रूप देना। कन्ट्रोल टेबल अपडेसन का कार्य प्रारूप 1 से 8 की तैयारी, अर्हता तिथि के रूप में 01.01.2024 के संदर्भ में पूरक और एकीकृत ड्राप्ट रोल तैयार करने की कार्यवाही की जाएगी। पुनरीक्षण गतिविधियां अंतर्गत 06 जनवरी 24 को एकीकृत प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 06 जनवरी 24 से 22 जनवरी 24 तक दावे आपत्तियां आमांत्रित की जाएगी। 13 एवं 14 जनवरी 2024 को विशेष कैंप दावे का आयोजन किया जाएगा। 02 फरवरी 24 प्राप्त दावे-आपत्तियों का निराकरण किया जाएगा। 06 फरवरी को हेल्थ पैरामीटर की जांच कर अंतिम प्रकाशन के लिये आयोग से अनुमति प्राप्त करना डाटा बेस का अधतन

# गीता जयंती एवं राष्ट्रीय किसान दिवस कार्यक्रम ब्रह्माकुमारीज में

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** गीता ज्ञान कृषि विज्ञान विषयक कार्यक्रम दोपहर 1:00 बजे से 22 दिसंबर 2023 शुक्रवार को ब्रह्मा कुमारीज के शांति शिखर लोनिया रोड भैरोगंज में आयोजित किया गया है ,दुनिया में इकलौता गीता ही ऐसा ग्रंथ है, जिसकी जयंती मनाई जाती है ,गीता जयंती वह दिन है, जिस दिन भगवान ने अपने श्री मुख से अर्जुन को गीता का ज्ञान सुनाया, और अर्जुन का मोह नष्ट किया ,अर्जुन को निमित्त बनाकर समस्त मानवता के लिए ज्ञान उपदेश दिया था, आज का दिन प्रेरणा है ,हमारे लिए क्योंकि इस दिन गीता पूरे विश्व के लिए अस्तित्व में आई ,आज के इस जीवन शोकग्रस्त मोहग्रस्त कर्तव्य से विमुख हो चुका है ,यह समस्या आज वैश्विक समस्या बन चुकी है, आज चारों और मानसिक ,पारिवारिक सामाजिक, राष्ट्रीय, वैश्विक युद्ध छिड़ा हुआ है ,ऐसे में वर्तमान समय भगवत गीता तर्कसंगत समाधान सिद्ध होता है, साथ ही साथ प्रतिवर्ष 23 दिसंबर को भारत के पांचवें प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस को राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में मनाया जाता है।अतः ब्रह्माकुमारी सिवनी के शांति शिखर परिसर के सद्भावना सभागार में गीता जयंती तथा राष्ट्रीय किसान दिवस का संयुक्त कार्यक्रम रखा गया है, इस कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी द्वारा किसानों का सम्मान भी किया जाना है, क्योंकि किसान को अन्नदाता कहा जाता है , जिससे ही हमारा जीवन है।ब्रह्माकुमारी संस्थान की जिला प्रभारी ब्रह्माकुमारी ज्योति दीदी ने समस्त नगर वासियों एवं क्षेत्र वासियों से उक्त कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है, अतः आप सभी सिवनी क्षेत्रवासी भाई बहने ,गीता प्रेमी एवं समस्त किसान भाई बहने सादर सपरिवार आमंत्रित हैं।

# राष्ट्रीय युवा उत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

संचालनालय खेल और युवा कल्याण विभाग भोपाल के निर्देशानुसार विगत वर्षानुसार इस वर्ष भी भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय युवा उत्सव 2023 का आयोजन पुणे (महाराष्ट्र) में 12 से 16 जनवरी 2024 के मध्य आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला स्तरीय वर्चुअल युवा उत्सव का कुल 8 विधाओ यथा - लोकगीत, लोकनृत्य, एकल लोकगीत, एकल लोकनृत्य, कहानी लेखन, पोस्टर मेकिंग, भाषण एवं फोटोग्राफी में निःशुल्क प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में ऐसे युवा जिन्होंने 15 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुकी है और युवा उत्सव की पहली प्रतियोगिता तिथि 26.12.2023 पर 29 वर्ष की आयु सीमा को पार नहीं कर पाई है भाग ले सकते है। जिला स्तरीय वर्चुअल युवा उत्सव प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु संबंधित विकासखंड के खेल और युवा कल्याण विभाग के ग्रामीण युवा समन्वयक अथवा कार्यालय जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी जिला सिवनी से संपर्क स्थापित कर निर्धारित पंजीयन फार्म जिसमें अपना नवीनतम पासपोर्ट साईज का फोटो चस्पा करने के साथ ही आयु व निवास संबंधी प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। उपरोक्त 8 विधाओं में से जिस भी विधा में भाग लेना है, उससे संबंधित निर्धारित समय-सीमा का वीडियो बनाकर दिनांक 26 दिसंबर 2023 की सायं तक अपने विकासखंड के ग्रामीण युवा समन्वयक अथवा कार्यालय जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी जिला सिवनी में पंजीयन फार्म के साथ जमा कर सकते है। इसके पश्चात अथवा अपूर्ण पंजीयन फार्म के साथ प्राप्त वीडियो स्वीकार नहीं किये जावेंगे। निर्धारित समय सीमा में प्राप्त वीडियो का जिला स्तर पर गठित समिति के द्वारा अवलोकन करने के उपरांत उक्त सभी विधाओं में से 1-.1 विधा का चयन किया जावेगा,जिन्हें संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल कराने हेतु दिनांक 28.12.2023 को जबलपुर भेज दिया जावेगा। संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में राज्य स्तर हेतु चयनित प्रतिभागी/दल का चयन होने पर दिनांक 03 जनवरी 2024 को भोपाल में भौतिक रुप से उपस्थित होकर अपनी प्रस्तुति देनी होगी। विस्तृत जानकारी संबंधित ग्रामीण युवा समन्वयक अथवा कार्यालय जिला खेल और युवा कल्याण विभाग से प्राप्त की जा सकती है।

# भगवद् गीता के अध्यन से सभी प्राणियों के प्रति समता का भाव जागृत होता है- निर्विकल्प स्वरूप

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** आत्म संयम योग से चित्त की शुद्धि होती है, पवित्र ब्रह्मज्ञान, अपवित्र मन में नहीं ठहर सकता। अपनी आत्मा का दर्शन करना ही ब्रह्म साक्षात्कार है, मन को नियंत्रित करने पर ही परमशांति की प्राप्ति होती है

उक्ताशय के प्रेरक प्रवचन ब्रह्मलीन जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज के कृपा-पात्र शिष्य गीता मनीषी ब्रह्मचारी श्री निर्विकल्प स्वरूप जी के मुखारविंद से गीता जयंती सत्संग के तीसरे दिन प्रवचन माला में निःसृत हुए।

ज्ञातव्य है कि श्रीमद् भगवद् गीता जयंती के उपलक्ष में गीता पराभक्ति मंडल सिवनी के तत्वावधान में ,सप्त दिवसीय सत्संग महोत्सव स्मृति लॉन में 18 दिसंबर से 24 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है। तीसरे दिन की प्रवचन माला में , पूज्य ब्रह्मचारी जी ने गीता के छठवें अध्याय आत्म संयम योग के दसवें श्लोक से 15 वे श्लोक के गुढ अर्थो की सहज सरल शैली में सुनाया, प्रवचन माला को आगे बढ़ते हुए पू.गीता मनीषी ने, लौकिक दृष्टांत, वेद शास्त्र, महापुरुष की रचनाओं के माध्यम से समझाया कि ,जीव और ब्रह्म में कोई अंतर नहीं है, अपनी आत्मा में स्थित होने के लिए आत्म संयम योग करना चाहिए संसार के सभी प्राणियों के प्रति समत्व भाव जागृत करना पड़ता है समता का भाव जागृत करने का एकमात्र उपाय गीता का अध्ययन श्रवण मनन करना है। संसार में ,सुरुत अर्थात फल की इच्छा न रखकर कार्य करने वाले व्यक्ति, अच्छे मित्र, शत्रु, उदासीन व्यक्ति, मध्यस्थ व्यक्ति, द्वेष रखने वाले व्यक्ति, होते हैं, इन सभी प्रवृत्ति वाले व्यक्तियों से समान व्यवहार करने वाला ही योगी कहलाता है। सबसे बड़ा सुरुत भगवान हैं

पूज्य ब्रह्मचारी जी ने कहा कि, अपने मन की शुद्धि के लिए शास्त्रोक्त योग अभ्यास विधि का पालन करना पड़ता है। अपनी आत्मा का दर्शन ही ब्रह्म साक्षात्कार कहा जाता है। जिसने मन को नियंत्रित कर लिया उसे परम शांति की प्राप्ति होती है।

आज की प्रवचन माला के अंत में ब्रह्मचारी जी ने भक्त कबीरदास रचित भजन चुनरिया झीनी रे झीनी राम रस भीनी.....का सस्वर गायन करते हुए, इसके एक-एक शब्दों के गूढ अर्थो की आध्यात्मिक विवेचन किया।

प्रवचन माला के विराम के पश्चात प्रतिदिन की तरह उपस्थित श्रोताओं से, प्रवचन से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई । प्रश्नों का ठीक-ठाक उत्तर देने वाले 5शुधि श्रोताओं को ब्रह्मचारी जी के शुभ हस्ते गीता पर भक्त मंडल द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। गीता जयंती सत्संग ज्ञान यज्ञ में सिवनी नगर सहित आसपास के गांव के धर्म प्रेमी जन तथा नागपुर से भी आए हुए गीता प्रेमी यज्ञ का पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं।

गीता पराभक्ति मंडल सिवनी द्वारा समस्त श्रद्धालु जनों से ज्ञान यज्ञ में( 3:30 से 5:30 तक)पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया गया।

# जिला पंचायत सदस्य के लिए प्राप्त हुआ एक नाम निर्देशन पत्र

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत उप निर्वाचन 2023 का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। जारी कार्यक्रमानुसार सिवनी जिले में जिला पंचायत सदस्य के रिक्त एक पद के लिए क्षेत्र क्रमांक-1 में शामिल 35 पंचायतों के साथ ही जनपद पंचायत सिवनी की ग्रामपंचायत उमरिया, लखनादौन जनपद की ग्राम पंचायत गनेशगंज के सरपंच पद तथा विभिन्न जनपदों के कुल 52 पंचों के लिए उप निर्वाचन होना है। जारी कार्यक्रमानुसार 15 दिसम्बर को निर्वाचन की सूचना उपरांत प्रारंभ हुई नाम निर्देशन पत्र प्राप्ति की कार्यवाही में गुरूवार 21 दिसम्बर को जिला पंचायत सदस्य के लिए घनश्याम डहेरिया एवं आशाराम सतनामी ने अपना नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किया गया है। नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 22 दिसम्बर 23 को दोपहर 3.00 बजे तक होगी। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 23 दिसम्बर को तथा अभ्यार्थियों से नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 26 दिसम्बर 23 दोपहर 3 बजे तक होगी। निर्वाचन कार्यक्रमानुसार रिक्त पदों के लिए 5 जनवरी 2024 को प्रातः 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा।

# एक सप्ताह से स्वेटर का वितरण कर रही आस्था की महिलाएं

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



जिले में बढ़ते ठंड के असर को देखते हुए विगत एक सप्ताह से आस्था क्लब द्वारा लगातार ग्रामीण एवं शहरी स्कूलों के बच्चों को स्वेटर वितरण का कार्य किया जा रहा है, लगभग 10 शालाओं में आपके द्वारा दिव्यांग व निराश्रित बच्चों को स्वेटर का वितरण किया गया, क्लब की अध्यक्ष श्रीमति उषा मालू आशा सिघानियां ने बताया कि यह क्लब वैसे तो महिलाओं का है जो समय समय पर इस तरह की गतिविधियों के माध्यम से अपने कार्यो से अन्य संस्थाओं को भी प्रेरित करता है। श्रीमति रजनी अग्रवाल श्रीमति शशि मालू निशा नाहटा नेहा अग्रवाल शीतल मालू, ममता सोहाने, संध्या अग्रवाल, पुष्पा अग्रवाल, संगीता नाहटा प्रीति अग्रवाल, करूण अग्रवाल, अनिता अग्रवाल, रंजना मालू छिद्दी लाल श्रीवास के द्वारा इस कार्य में सहयोग किया जा रहा है। आस्था क्लब का उद्देश्य है कि हम सब मिलकर पीड़ित मानव सेवा से समाज को विकास के मार्ग में अग्रसर कर सकें। और वर्तमान में ठंड से परेशान लोगों को गर्भ वस्त्र के लिए जिला प्रशासन और स्वयंसेवी संस्थाओं की भी सक्रिय भूमिका हो।

## स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से ग्रामीण हो रहे लाभांवित

# विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत गांव - गांव पहुंचकर किया जा रहा योजना का प्रचार-प्रसार

**सिवनी।** भारत सरकार और राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ शतप्रतिशत लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाने, नागरिकों को हितग्राहीमूलक योजनाओं में उपलब्ध कराये गये लाभ और विभिन्न सुविधाओं को लोगों के साथ साझा करते हुये उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से 26 जनवरी 2024 तक चलने वाली "विकसित भारत संकल्प यात्रा" सम्पूर्ण प्रदेश के साथ ही जिले में भी ग्रामवार-वार्डवार संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में गुरूवार 21 दिसम्बर को विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रचार रथ बरघाट विकासखण्ड के ग्रामपंचायत खैरी एवं नगझर, छपारा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत चमारीखुर्द, धनौरा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सलेमा एवं पिपरियानाई, घंसौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत ब्योहारी एवं धनवाही, केवलारी की ग्राम पंचायत कनारी एवं भरवेली, लखनादौन की ग्राम पंचायत बोरिया एवं पिंडरई रैयत, तथा सिवनी विकासखण्ड की लुंग्सा, खमरिया, भण्डारपुर तथा मैली पहुंची। "विकसित भारत संकल्प यात्रा" के दौरान यात्रा में शामिल प्रचार वाहनों द्वारा एलईडी वाल के माध्यम से ग्रामीणों को कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।कार्यक्रम स्थल पर संबंधित विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया तथा पात्र हितग्राहियों को मौंके में लाभांवित करने की कार्यवाही भी की गई।

### यात्रा के दौरान इन योजनाओं का मिलेगा लाभ

विकसित भारत संकल्प यात्रा में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना (ग्रामीण), पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, गांवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में तात्कालिक प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण (स्वामित्व), जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग, स्वाइल हैल्थ कार्ड व उन्नत कृषि यंत्र तथा शहरी क्षेत्रों में आयोजित अभियान में पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, पीएम आवास योजना (शहरी), स्वच्छ भारत अभियान (शहरी), उजाला योजना, अमृत योजना, पीएम जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल भुगतान अधोसंरचना, खेलो इंडिया, आरसीएसः उड़ान, वंदे भारत ट्रेनें और अमृत भारत स्टेशन योजना को सम्मिलित किया गया है।

### आज यहां पहुंचेंगे प्रचार रथ

रूटचार्ट अनुसार 22 दिसम्बर को बरघाट विकासखण्ड के ग्रामपंचायत सरेखाकला एवं पिंडरईकला, छपारा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत डांगावानी एवं तेंदनी, धनौरा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत हिंगवानी एवं खमरिया, घंसौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत झिंजरई एवं झुरकी, केवलारी की ग्राम पंचायत जेवनारा एवं बेलगांव, लखनादौन की ग्राम पंचायत औरापानी एवं रामनगरी, तथा सिवनी विकासखण्ड की चुटका, ऐरपा,मोंहगांव, तथा भटेखारी पहुचेगी।

## खबर संक्षेप

### खनिज विभाग ने अवैध रेत का परिवहन करते जब्त किए 1 ट्रेक्टर



**कटंगी।** तिरोड़ी तहसील क्षेत्र के पठार अंचल के ग्राम महकेपार में खनिज विभाग ने कार्रवाई करते हुए एक ट्रेक्टर को अवैध तरीके से रेत का परिवहन करते हुए जब्त किया है. ट्रैक्टर को जब्त करने के बाद महकेपार चौकी पुलिस की अभिरक्षा में रखा गया है. मिली जानकारी अनुसार बालाघाट कलेक्टर डॉ गिरीश मिश्रा और जिला खनिज अधिकारी के निर्देशन पर जिले भर में अवैध रेत खनन और परिवहन के खिलाफ अभियान छेड़ा गया है. इसी अभियान के तहत खनिज विभाग सक्रिय होकर पूरे जिले में कार्रवाई को अंजाम देने में लगा हुआ है. इसी क्रम में तिरोड़ी तहसील के ग्राम महकेपार में खनिज विभाग ने कार्रवाई कर 1 ट्रेक्टर जब्त किए है. ट्रेक्टर महाराष्ट्र निवासी खेमेश राहंगडाले का है।

### पेंशन हितग्राहियों के लिये 3 दिन के भीतर ईकेवायसी करवाना अनिवार्य

**बालाघाट।** नगर पालिका परिषद बालाघाट द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्राप्त कर रहे हितग्राहियों की समग्र पोर्टल पर ईकेवायसी का कार्य नियमित रूप से किया जा रहा है। गुरुवार की स्थिति में नगर पालिका परिषद अन्तर्गत सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लगभग 585 हितग्राहियों द्वारा ईकेवायसी. नहीं कराया गया है। पेंशन हितग्राहियों से अनुरोध किया जाता है कि 03 दिन के भीतर अपनी ईकेवायसी समग्र पोर्टल पर करवाये, अन्यथा इन हितग्राहियों की पेंशन बंद करने की कार्यवाही की जावेगी।

### त्रिस्तरीय पंचायत उपनिर्वाचन में नाम निर्देशन प्राप्त करने का अंतिम दिन आज

**बालाघाट।** मध्यप्रदेश पंचायती राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम के अंतर्गत राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 6 दिसम्बर को उपनिर्वाचन का कार्यक्रम जारी किया गया। जारी कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 3 बजे तक नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किये जायेंगे। इसके पश्चात शनिवार को नाम निर्देशन पत्रों की समीक्षा प्रातः 10:30 बजे से होगी। वहीं 26 दिसम्बर मंगलवार को अभ्यर्थिता से नाम वापसी के लिये अंतिम दिन होगा और इसी दिन निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार कर निर्वाचन प्रतीकों का आबंटन किया जायेगा। 5 जनवरी को प्रातः 7 बजे से दोपहर 4 बजे तक मतदान होगा। स्थानीय निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में पंच पद के लिये अब तक 10, सरपंच के लिये 7 और जनपद सदस्य के लिये 2 नाम निर्देशन पत्र प्राप्त हुये है। वहीं कटंगी जनपद में 2 जनपद सदस्यों के नाम निर्देशन पत्र प्राप्त हुये है।

### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कल

**बालाघाट।** क्षेत्रीय सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन की अध्यक्षता में 23 दिसम्बर शनिवार को शाम 04 बजे से जिला कलेक्टर कार्यालय के सभागृह में आयोजित की गई है।

### 26 को विद्यालयों में मनाया जायेगा वीर बाल दिवस कार्यक्रम

**बालाघाट।** सिक्खों के दसवें व अंतिम गुरू गुरूगोविंद सिंह जी के छोटे पुत्रों द्वारा दिये गये बलिदान के संबंध में विद्यार्थियों को गाथा सुनाने के लिये जिले के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में 26 दिसम्बर 2023 को वीर बाल दिवस कार्यक्रम मनाया जायेगा। कार्यक्रम में स्थानीय स्तर पर इस विषय के जानकार व्यक्तियों द्वारा विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की जायेगी। इस दिन विद्यालयों में किसी एक कालखण्ड में स्कूली विद्यार्थियों के लिये श्री गुरूगोविंद सिंह जी के जीवन पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जायेगा।

---

### राजस्व अधिकारियों के साथ कलेक्टर ने की बैठक

# समय सीमा के पत्रों पर त्वरित कार्यवाही नहीं होने पर वारासिवनी, बालाघाट, लांजी एसडीएम व तहसीलदार को नोटिस जारी होगा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने गुरुवार को राजस्व अधिकारियों के साथ राजस्व मसलों के संबंध में बैठक आयोजित की। बैठक के दौरान उन्होंने ऐसे पत्र जिन पर समय सीमा में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाना थी उनकी समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने तहसीलदार और अनुविभागीय अधिकारियों को दिये गए पत्रों की विस्तृत जानकारी पत्रवार प्राप्त की। इसमें कुल्पा अतिक्रमण हटाने की शिकायत तथा घोटी-घुषमारा में सीमांकन प्रकरणों में समूचित कार्यवाही नही करने पर लांजी नायब तहसलीदार को वेतन वृद्धि रोकने के नोटिस जारी करने के निर्देश दिये है। इसके अलावा 172 निष्क्रिय खसरों के मामले में समूचित कार्यवाही नही करने पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने एसडीएम लांजी को नोटिस जारी कर जिम्मेदारी सुनिश्चित करने के लिये जवाब मांगा है। इसी तरह एसडीएम वारासिवनी से भी निष्क्रिय खसरों के मामले में नोटिस जारी करने के निर्देश दिये है। जबकि नवागत बालाघाट एसडीएम को इन्ही प्रकरणों तथा टीएल के अन्य प्रकरणों के मामले में जानकारी नही होने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिये है। इसके अलावा भू-अभिलेख स्वाति देशमुख को निर्देश दिये कि सभी एसडीएम से 01 सप्ताह के भीतर निष्क्रिय खसरों के संबंध में प्रमाण पत्र लिया जाये। बैठक के दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने स्वामित्व योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, धानाधिकार, नजूल पट्टो, सड़क दूर्घटनाओं, सीएम हेल्पलाईन, वनाधिकार अधिनियम व अन्य राजस्व बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की।

#### 01 दिन में 267 किसानों की हुई ईकेवायसी

राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक के दौरान पीएम किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत ईकेवायसी के लंबित प्रकरणों के मामले में जानकारी ली गई। 19 दिसम्बर को 1 दिन में 267 ईकेवायसी करने पर कई तहसीलदारों की सराहना भी की गई। इसमें सबसे अधिक ईकेवायसी लालबर्रा, खैरलांजी, वारासिवनी और तिरोड़ी द्वारा की गई है। अब जिले में 11169 ईकेवायसी लंबित है, जो एक सप्ताह पूर्व 14 हजार से अधिक ईकेवायसी के प्रकरण लंबित थे।

#### 833 धारणाधिकार पत्र तैयार कर वितरित किये

बैठक में नगरीय क्षेत्र के अंतर्गत धारणाधिकार पत्र तैयार करने के मामले में जानकारी ली गई। धारणाधिकार पत्र तैयार करने के लिये नगरीय क्षेत्रों अंतर्गत कुल 22 गांव में से 1383 के आवेदन प्राप्त हुये थे। इनमें से 833 धारणाधिकार पत्र तैयार किये गए है। सबसे अधिक लांजी नगरीय निकाय में 229, कटंगी में 220 और बालाघाट में 210 पत्र तैयार किये गए है। जबकि 467 प्रकरण अस्वीकृत किये गए है। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर श्री ओपी सनोडिया, सभी अनुभागों के एसडीएम व तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं आरआई उपस्थित रहे।

### बैंकिंग कवरेज को प्रति 5 किमी पर लाने के लिये डाकसेवा केंद्र खोले जायेंगे

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जिले के उन गांवों को इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के बैंकिंग कवरेज के लिये चुना गया है जहां अभी 10 किमी से अधिक दूरी पर बैंकिंग सेवा है। इसके लिये डाक विभाग द्वारा कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। अब जिले के पोलातुर, बोदलझोला, खड्डीपुर और गौनाझोला में 5 किमी के दायरे में बैंकिंग सेवा उपलब्ध कराने के लिये डाकसेवा केंद्र खोलने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इन डाकसेवा केंद्रो पर डाक टिकट व डाक स्टेशनरी का विक्रय, रजिस्टर्ड आर्टिकल व पार्सल की सुविधा, पोस्ट स्पीड पार्सल की सूविधा के अलावा बचत बैंक, ग्रामीण डाक जीवन बीमा और आईपीपीबी एक्सेस पाईंट को समय-समय पर निर्धारित विभिन्न प्रकार की सेवा प्रदाता के रूप में संचालित किया जाना है। इसके लिये उपसंभागीय प्रमुख, पोस्टमास्टर बालाघाट प्रधान डाकघर से डाक सेवा केंद्रो के संचालन के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकते है।

---

## टीएमसी सांसद का पुतला जलाया : भाजपा नेता बोले- संसद में मुद्दों पर चर्चा करने से बच रहा विपक्ष

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



संसद में हंगामे के बाद विपक्ष के 100 से ज्यादा सांसद निलंबित हैं। इसके बाद संसद के बाहर टीएमसी सांसद ने उपराष्ट्रपति की मिमक्री की थी। इसको लेकर भाजपा आक्रोशित है। भाजपा ने इसे संसद की गरिमा की विपरीत बताते हुए टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी का पुतला जलाया।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री करने का कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वीडियो बनाया। इस पर भाजपा नेताओं ने तीखी नाराजगी जाहिर की। शहर के रानीअवंतीबाई चौक पर टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी का पुतला दहन किया। इस दौरान भाजपा उपाध्यक्ष संजय खंडेलवाल, नगर अध्यक्ष सुरजीतसिंह ठाकुर, पूर्व नपाध्यक्ष अनिल धुवारे, संजय मिश्रा, अरूण राहंगडाले, देवेन्द्र गोलु ठाकरे, भुवन राहंगडाले, अखिलेश चौरे, सुमित यादव, योगेन्द्र मोहारे, गजेन्द्र भारद्वाज, डॉ. अक्षय कटरे सहित अन्य भाजपाई उपस्थित थे।

#### मुद्दों पर चर्चा करने से बच रहा विपक्ष

भाजपा नगर अध्यक्ष सुरजीतसिंह ठाकुर ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि जनता के मुद्दों को उठाने की बजाए विपक्ष उपराष्ट्रपति की मिमिक्री कर रहा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी वीडियो बना रहे है। जिन्होंने सांसद को मजाक बना दिया है। संसद में टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी के राज्यसभा सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री से आहत भाजपा ने आज टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी के पुतला दहन कर अपना आक्रोश जाहिर किया है।

राहुल गांधी राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके हैं उनका इस प्रकार वीडियो बनाना बेहद निंदनीय है। संसद से निलंबित सांसद सभापति की नकल कर रहे हैं। विपक्ष को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति किसी दल के नहीं होते हैं। उनका मजाक बनाया जा रहा है। यह निंदनीय है।

## शासकीय दर पर ही किया जा रहा रेत का विक्रय, रेत ठेकेदार के प्रतिनिधियों ने प्रेस से साझा की जानकारी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिले में रेत के दामो को हो रहे भ्रामक प्रचार पर रेत ठेकेदार के प्रतिनिधियों ने प्रेस को जारी बयान में रेत के दामो को लेकर वास्तविक स्थिति को सामने रखा है। रेत ठेकेदार के प्रतिनिधि अजय मिश्रा और अनिल गुरनानी ने रेत के दाम को लेकर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रेत के दामों को बढ़ाकर बेवजह जनता को परेशान करने की हमारी कोई मंशा नहीं है लेकिन जिस राशि पर ठेका लिया गया है, वह राशि ज्यादा होने के कारण, शासन को देय राशि से मिलने वाली रेत के विक्रय से लोगों को यह ज्यादा लग रही है।

उन्होंने बताया कि ठेके की राशि में जो राशि प्रतिमाह देय होती है, उसके अनुसार हमें, घनमीटर रेत प्रदाय की जाती है, जिसके आधार पर ठेका संचालित करने में आ रहे खर्च को मिलाकर रेत का विक्रय किया जा रहा है, जिसको लेकर कोई भी संबंधित विभाग से जानकारी ले सकता है। प्रतिनिधियों की मानें तो रेत के हुए ठेके के अनुसार हमें प्रतिमाह दस करोड़ 18 लाख की राशि शासन को किश्त के रूप में देय करनी पड़ती है। जिसके ऐवज में हमें शासन की ओर से एक लाख 25 हजार घनमीटर रेत प्राप्त होती है। जिसमें प्रतिमाह देय राशि और मिल रही घनमीटर रेत को भाग करके निकाला जाए तो प्रति घनमीटर राशि 814.4 रूपये प्रति घनमीटर होती है। चूंकि एक ट्राली में तीन घनमीटर रेत आती है, जिससे 814.4 रूपये प्रति घनमीटर से तीन घनमीटर का गुणा किया जाए तो यह राशि 2443.2 रूपए हो जाती है और यदि 25 सौ ट्राली रेत का विक्रय किया जा रहा है तो इसमें ज्यादा राशि में रेत के विक्रय करने करना जैसी कोई बात नहीं है। बावजूद इसके जिले में रेत के रेट में बढ़ोत्तरी को लेकर जो भ्रामक प्रचार किया जा रहा है, वह समझ से परे है। हमारी आम जनता और समाज के बुद्धिजीवियों से अपील है कि शासन के रेत महंगी करने से आम उपभोक्ताओं को रेत की कीमत ज्यादा लग रही है, जिसमें रेत ठेकेदार की रेट बढ़ाने को लेकर कोई भूमिका नहीं है और खनिज विभाग, भी इसकी जांच कर सकता है।

---

## संकल्प यात्रा में 334 विद्यार्थियों को मिला सम्मान

**बालाघाट।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के पांचवे दिन गुरुवार को जिले की 10 विकासखंडो के 20 गावों में यात्रा पहुंची। यात्रा के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविरों के आयोजन के अलावा कृषि विभाग द्वारा ड्रोन फ्लाई का डेमोस्ट्रेशन भी किया जा रहा है साथ ही क्विज प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान स्थानीय कलाकारों को भी प्रोत्साहित किया जाने लगा है। गुरुवार को ऐसे 334 विद्यार्थियों को अवार्ड प्रदान किये गए। वही 65 स्थानीय कलाकारों व 96 स्थानीय स्पोर्ट्स पर्सन का भी सम्मान किया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविरों में 2254 ग्रामीणों की जांच की गई। साथ ही 882 टीबी और 627 ग्रामीणों की सीकल सेल की जांच की गई है। वहीं विभिन्न योजनाओं से जुड़े हितग्राहियों में 100 ने मेरी कहानी मेरी जुबानी सुनाई है। कृषि विभाग अंतर्गत कृषकों को प्राकृतिक खेती की तकनीकी जानकारी के अलावा आधुनिक कृषि यंत्र ड्रोन फ्लाई कर तरल उर्वरक के छिड़काव का डेमोस्ट्रेशन भी किया जा रहा है। कृषि उपसंचालक श्री राजेश कुमार खोब्रागढ़े ने जानकारी देते हुये बताया कि खैरलांजी के सिवनघाट व नोनका में 267, बैहर के घुईटोला व पांडुतला में 430, परसवाड़ा के चंदना व कनई में 200, लांजी के बोलेगांव व भिमोड़ी में 350, कटंगी के चिचगांव व सिंगोड़ी में 238, वारासिवनी लडसडा व पदमपुर में 450, किरनापुर के कुंडे व करियादंड में 870 तथा बालाघाट के कुकड़ा में 165 किसानों के सम्मुख कृषि यंत्र ड्रोन का डेमोस्ट्रेशन किया गया।

### द डायमंड रॉक एकेडमी ने बुरहानपुर एफसी को 10-00 से किया पराजित

**बालाघाट।** जिले में 10 दिसंबर से खेली जा रही मध्यप्रदेश फुटबॉल लीग प्रतियोगिता में 21 दिसंबर को बुहराहनपुर एफसी बनाम द डायमंड रॉक फुटबॉल एकेडमी के बीच लीग मैच खेला गया। प्रतियोगिता के मैच शुभारंभ बतौर अतिथि सीएम राईज स्कूल प्राचार्य डॉ. युवराज राहंगडाले, जिला क्रिकेट संघ सचिव निशांत मिश्रा, समाजसेवी ऋषभदास वैद्य के आतिथ्य में किया गया। दोपहर 02 बजे से मुलना मैदान में खेले गए इस मैच में द डायमंड रॉक फुटबॉल एकेडमी ने बुराहनपुर एफसी को करारी शिकस्त देकर 10-00 के अंतर से एकतरफा जीत दर्ज की।जिला फुटबॉल संघ सचिव सुनील यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश फुटबॉल लीग प्रतियोगिता में सभी शामिल टीमो के बीच आगामी 24 दिसंबर तक फस्ट राउंड के लीग मैच खेले जाएंगे। 24 दिसंबर के बाद सेकंड राउंड के लीग मैच होंगे। जिसमें सर्वाधिक अंक हासिल करने वाली 4 टीमों के बीच सेमीफायनल और फिर फायनल खेला जाएगा। जिसके बाद मध्यप्रदेश फुटबॉल टीम का चयन किया जाएगा।

## सुदुर वनांचल वनग्राम धीरी और मलैदा पहुंची प्रबुद्ध तथागत फाउंडेशन की टीम



### गरीब आदिवासी परिवारों व स्कूली बच्चों को किया गया कंबल, बर्तन और गर्म कपडों का वितरण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

प्रबुद्ध तथागत फाउन्डेशन बोरी लालबर्रा की टीम गुरूवार को लांजी मुख्यालय से 70 किमी दूर छत्तिसगढ से लगे नक्सल प्रभावित वनग्राम धीरी और छग के मलैधा गांव पहुंची। जहां आदिवासी ग्रामीणो को कंबल, बर्तन और स्कूली बच्चो को गर्म कपडो का वितरण संकुल प्राचार्य ईडी लिल्हारे की उपस्थिति में फाउन्डेशन के सचिव महेंद्र मेश्राम, सहयोगी रफी अंसारी, ज्ञानचंद कालबेले, यमलेश बंजारी, हितेन चौहान, संजय अजीत, पकंज डहरवाल, राहुल टेंभरे के द्वारा वितरित किया गया। बुनियादी समस्याओं से ग्रसित वनग्राम धीरी पहुंच विहिन गांव है। तथा अन्य समस्याओं से भी ग्रसीत है। शिविर में वितरित किये गये जरूरतमंद की सामाग्री पाकर ग्रामीणो और नन्हे मुन्ने बच्चो के चेहरे भी खिल उठे। दोनो गांवो से लगभग 80 लोगो को कंबल, बर्तन और 50 बच्चो को वेदानंद राय के द्वारा दान में दिये गये गर्म कपडो का वितरण किया गया। शिविर को सफल बनाने में वनरक्षक महेश नंदा, जाकिर खान, अतिथि शिक्षक, प्रभारी प्रधान पाठक दुर्गेश पटले, सरपंच ओमकार दौने, रमेश वल्के आदि का विशेष सहयोग रहा। उल्लेखनीय है कि इस कडाके की ठंड में बोरी लालबर्रा निवासी उत्तर प्रदेश सरकार में प्रमुख सचिव के पद पर पदस्थ मुकेश मेश्राम, आईएएस के दिशा निर्देशन में वनांचल और दुरस्थ गांवो में बसने वाले आदिवासी बैगाओ और स्कूली बच्चो को कंबल, बर्तन, स्कूली बैग, गर्म कपडो का वितरण किया जा रहा है।

---

# पाकिस्तान की जेल में बंद है बालाघाट का प्रसन्नजीत

### सनातन सभा ने की छुड़वाने की मांग, कहा- इसके लिए प्रयास करें केंद्र सरकार

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट जिले के खैरलांजी निवासी 36 वर्षीय प्रसन्नजीत पिता लोपचंद रंगारी के पाकिस्तान की लाहौर जेल में बंद है। प्रसन्नजीत की बहन उसकी रिहाई के लिए लगातार शासन, प्रशासन के दरवाजे दस्तक दे रही है। अब बहन को सनातन महासभा का साथ मिल गया है।

मानसिक रूप से दिव्यांग प्रसन्नजीत को पाकिस्तान की जेल से रिहाई की मांग को लेकर 21 दिसंबर गुरुवार को सनातन महासभा ने गृहमंत्री एवं विदेश मंत्री भारत सरकार तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम ज्ञापन कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा को सौंपा। सनातन महासभा अध्यक्ष महेश खजांची ने बताया कि पाकिस्तान के लाहौर जेल में प्रसन्नजीत के बंद होने की जानकारी सनातन महासभा को उसकी बहन संघमित्रा खोब्रागढ़े से मिली। उसने बताया कि प्रसन्नजीत रंगारी ने जबलपुर फार्मेसी इंस्टीट्यूट में अध्ययन किया था। इसके बाद उसका मानसिक संतुलन खराब हो गया। वह पागलों की तरह यहां-वहां घूमते रहता था, जो पिछले कई वर्षों से लापता हो गया। पाकिस्तान के लाहौर जेल से छूटकर आए जम्मु कश्मीर के ग्राम कटवा निवासी कुलदीप सिंघ ने प्रसन्नजीत के पाकिस्तान की सेंट्रल जेल में होने की जानकारी उसकी बहन संघमित्रा को दी। उसने बताया कि पाकिस्तान की सेंट्रल जेल में पुलिस ने प्रसन्नजीत का नाम सुनील अदह विक्रमादे के नाम से लिख रखा है। वास्तविक नाम की जानकारी कुलदीप ने जेल अथॉरिटी को दे दी है। इसके बाद से प्रसन्नजीत की बहन, संघमित्रा खोब्रागढ़े लगातार प्रशासन से इस मामले में गुहार लगा रही है। इसकी जानकारी के बाद मानवीयता के नाते सनातन महासभा ने ज्ञापन सौंपकर केंद्र सरकार से मांग की है कि प्रसन्नजीत रंगारी की रिहाई के लिए जो भी प्रशासनिक कार्रवाई अपेक्षित हो, जल्द से जल्द करवाए। प्रसन्नजीत को पाकिस्तान की जेल से छुड़वाकर उसे परिजनों से मिलाए।

---

## उपार्जन की निगरानी और डेटा संधारण के लिए नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

उपार्जन कार्य के सुचारू क्रियान्वयन की दृष्टि से कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्र. 124 में जिला उपार्जन कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिले में धान उपार्जन के दौरान कृषकों एवं एवं खरीदी केन्द्रों की समस्याएं व शिकायतें दर्ज करने, उपार्जन केन्द्रों में बारदानों की मांग, उपार्जित धान की दैनिक खरीदी मात्रा, तौल, डब्ल्यूएचआर, परिवहन एवं स्वीकृत मात्रा की जानकारी प्राप्त करने, मंडी समितियों एवं उपार्जन नोडल अधिकारियों से जानकारी संकलित करने, मिलर्स द्वारा उपार्जन केन्द्रों पर परिवहन के लिये ट्रकों की प्रतिदिन उपलब्धता, सीमावर्ती उपार्जन चेकपोस्ट्स पर लगाये गये सीसीटीवी कैमरों का लाइव पर्यवेक्षण करने एवं चेकपोस्ट पर संधारित आगमन-निर्गमन पंजी के अनुसार अन्य राज्यों/जिलों से आयतित कृषि उपज धान व परिवहन की दैनिक जानकारी प्राप्त करने के लिये कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने अधिकारियों की नियुक्ति की है। कंट्रोल रूम में निम्न अधिकारियों/कर्मचारियों को समयानुसार कार्य करने हेतु आदेशित किया जाता है

#### कंट्रोल रूम में कार्य करने वाले कर्मचारी

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने एक आदेश के माध्यम से कई ऑपरेटरों को नियुक्त किया है। इनमें डीएनसीसी आपरेटर श्री संजय भास्कर, सुश्री रक्षा ठाकुर, श्री मनीष वासनिक, श्री विवेक लिल्हारे, श्री मानसिंह मस्करे, श्री निखिल गेडाम, वाहन चालक श्री रमेश रामटेक्कर, प्रगणक कु. विशाखा गढपाले, सहायक ग्रेड-3 श्री रामरतन इनवाती, कर्मशाला निर्देशक श्री आरपी मेश्राम, मत्स्य निरीक्षक श्री व्हीके मेश्राम, उद्यान शाखा के श्री नेगीराम साहू, सहायक ग्रेड-3 श्री शंशांक मेश्राम, कर्मशाला निर्देशक श्री बैशाखू मरकाम, योजना शाखा के श्री लक्ष्मीचंद बहेटवार, प्रगणक श्री मौसम कोडापे और सहायक ग्रेड-3 श्री संतोष पटले को कंटोल रूम में प्रतिदिन अपने समय पर उपस्थित होकर उपार्जन केंद्रों, चेकपोस्ट व मिलर्स संबंधी विभागों से जानकारी संकलित करने, पंजी संधारित करने, रिपोर्ट तैयार करने एवं उपार्जन संबंधी इन सभी कार्यो की सतत निगरानी करने की दैनिक कार्यवाही सुनिश्चित की गई है।

#### ड्यूटी पर लगाये गये कर्मियों के सुपरवीजन एवं उपार्जन की समूचित निगरानी के लिये इन्हे किया नियुक्त

कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा कार्यालय स्थित कंट्रोल रूम में ड्यूटि पर लगाये गये कर्मियों के सुपरवीजन एवं उपार्जन कार्य की समुचित निगरानी के लिए शासकीय सेवकों को समयबद्ध रूप से कार्य करने के लिये आदेशित किया गया है। शासकीय सेवक ई-दक्ष केंद्र के प्रशिक्षक श्री उमाशंकर पटले प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक, मंडी निरीक्षक श्री मनोज पटले दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक तथा सहा. सांख्यिकी अधि. कृषि विभाग श्री एमएल उइके रात 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक कार्यालय स्थित कंट्रोल रूम में नियत समयानुसार ड्यूटी देंगे।

### लड़कियों ने भी जुनून के साथ लिया भाग, विजेताओं को किया पुरस्कृत

## आद्विक मैराथन में धावकों ने लगाई दौड़



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** आर्मर फाउंडेशन के संचालक अमर आर्मर के नेतृत्व में आद्विक मैराथन का आयोजन किया। 7 राज्यों के लगभग 40 जिलों से 317 प्रतिभागियों ने आद्विक मैराथन में भाग लिया। सबसे पहले लड़कियों की 7 किलोमीटर आद्विक मैराथन दौड़ प्रतियोगिता को रानीवंती भाई कॉलेज एवं लड़कों की 12 किलोमीटर दौड़ अंबेडकर चौक से प्रारंभ की।

इसमें बतौर मुख्य अतिथि जिला खेल अधिकारी चौरसिया, विशिष्ट अथिति सहेजलाल उपवंशी, अमर आर्मरसंचालक आर्मर फॉउंडेशन, जिला एथलेटिक्स संघ अध्यक्ष नरेश धुवारे, जिला पंचायत सदस्य सुनीता मानसिंह बहेटवार, प्रकाश उईके, ज्योति भगत सिंह नगपुरे सरपंच खैरलांजी, ब्रजेश मिश्रा,पुष्पा दमाहे, रेखा अमर आर्मर, पूर्णिमा विश्वजीत चौधरी, मालती बिसेन, जनपद सदस्य ऋतु योगेश सुलकिया, टेकलाल दमाहे, सहेराम बहेटवार,अजब कृपगये, फेकनलाल डोहरे,रामप्रसाद तित्तरमारे, प्रताप सिंह पटले,कुकवासे, ओ.पी.नगपुरे, मस्करे, नोकलाल बहेटवार, नयन अटराहे, मुकेश नगपुरे, योगेश अग्रवाल, राजा मुन्ना लिल्हारे, अखिलेश मिश्रा, अंकित अग्रवाल, विक्की लिल्हारे, सुभाष क्षीरसागर सरपंच, राकेश कुकवासे, राजू पटेल नगपुरे, डॉ. बसेने, डॉ. बिल्लोरे, रंजीत लिल्हारे उपस्थित रहे।

मैराथन में लड़कियों ने उत्साह, जोश-जुनून के साथ भाग लिया। इसमें प्रथम तेजेश्वनी लाम्बकनी (नागपुर) को 5555 रुपए, द्वितीय मनीषा रामकिशन (ग्वालियर) को 3333 रुपए, तृतीय आरती भगत (खैरलांजी,महाराष्ट्र) को 2222 रुपए, चतुर्थ अंजली मड़ावी (नागपुर) को 1111 रुपए, पंचम भगवती दागी (भोपाल) को 777 रुपए और छटवें स्थान पर रही पायल लिल्हारे (बालाघाट) को रनिंग शूज देकर पुरस्कृत किया।